**ज्ञानामृत**

खुद के लिये जीनेवाले की ओर कोई ध्यान नहीं देता पर जब आप दूसरों के लिये जीना सीख लेते हैं तो वे आपके लिये जीते हैं।

▶▶ श्री परमहंस योगानंद

राष्ट्र को समर्पित

# विजय मत

छत्तीसगढ़-मध्यप्रदेश से प्रकाशित दैनिक समाचार पत्र

www.vijaymat.com | रायपुर, बुधवार, 02 जुलाई 2025 | वर्ष- 08 | अंक- 178 | पेज- 08 | मूल्य- ₹1.00/-


## न्यूज इन शॉर्ट

### ट्रंप का 'वन बिग ब्यूटीफुल बिल' अमेरिकी सीनेट में हुआ पास

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का महत्वाकांक्षी कर छूट और खर्च कटौती विधेयक पर सोमवार को सीनेट में मामूली अंतर के साथ पास हो गया।



विधेयक के पक्ष और विरोध में 50-50 मत पड़े। जिसके बाद उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने अपना मत देकर इसे मंजूरी दिलाई। विधेयक का विरोध करने वाले तीन रिपब्लिकन सांसदों में थॉम थिलिस, सुजैन कॉलिन्स और केंटकी रैंड पॉल शामिल थे। ट्रंप के कर छूट और खर्च कटौती विधेयक पर सीनेट में सोमवार को देर रात तक तीखी बहस चली। हंगामेदार सत्र के दौरान रिपब्लिकन सांसद जहां इस विधेयक के लिए समर्थन जुटाते नजर आए। वहीं, विपक्षी डेमोक्रेट सदस्य इसे गिराने के लिए पेश संशोधनों को पारित कराने का प्रयास करते रहे।

### उदयगिरि और आईएनएस तमाल से बढ़ी भारतीय नौसेना की ताकत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय नौसेना की ताकत लगातार बढ़ती जा रही है। मंगलवार को देश में बने अत्याधुनिक स्टील्थ युद्धपोत उदयगिरि को नौसेना को सौंप दिया गया। वहीं रूस के यांतार शिपयार्ड में छ्हस्‌ तमाल को भारतीय नौसेना में



शामिल किया गया। दोनों ही जहाज भारत की समुद्री सुरक्षा को और मजबूती देंगे। 'उदयगिरि' प्रोजेक्ट 17ए के तहत बना दूसरा स्टील्थ युद्धपोत है, जिसे मुंबई के मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड ने तैयार किया है। इसमें आधुनिक हथियार और सेंसर लगे हैं। इसे बनाने में सिर्फ 37 महीने लगे, जो अपने आप में रिकॉर्ड है। इसके अलावा रूस के कालिनिनग्राद में बने आईएनएस तमाल को भी भारतीय नौसेना में शामिल किया गया। यह काम भारतीय नौसेना के पश्चिमी कमान प्रमुख वाइस एडमिरल संजय जसजीत सिंह की मौजूदगी में हुआ।

### ईग्नू ने बढ़ाई जुलाई सत्र के लिए पुनः पंजीकरण करने की समय सीमा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय ने जुलाई 2025 सत्र के लिए कार्यर्‍ मों के लिए पुनः पंजीकरण की समय सीमा बढ़ा दी है। जो छात्र पहले से ही इग्नू के किसी पाठ्यर्‍ म में नामांकित हैं, उन्हें



अपना पाठ्यर्‍ म जारी रखने के लिए 15 जुलाई से पहले अगले सत्र के लिए खुद को फिर से पंजीकृत करना होगा। संबंधित भारतीय और अंतर्राष्ट्रीय उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से पुनः पंजीकरण कर सकते हैं। इग्नू पुनः पंजीकरण पोर्टल पर लिखा है कि छात्र फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि तक प्रतीक्षा न करें। किसी भी प्रकार की देरी या भुगतान विफलता के कारण पुनः पंजीकरण असफल हो सकता है। इग्नू ने छात्रों को सलाह दी है कि वे कोई भी कोर्स चुनने से पहले उसके विवरण को ध्यान से पढ़ें।

### आज जारी होंगे जोसा काउंसलिंग 2025 राउंड-3 के सीट आवंटन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** संयुक्त सीट आवंटन प्राधिकरण आज 2 जुलाई को जोसा 2025 राउंड 3 सीट आवंटन जारी करेगा। आवंटन जारी होने के बाद, उम्मीदवारों को 4 जुलाई तक ऑनलाइन रिपोर्टिंग (सीट की पुष्टि/शुल्क



भुगतान/दस्तावेज़ अपलोड/उम्मीदवार द्वारा प्रश्नों का उत्तर) पूरी करनी होगी। आईआईटी, एनआईटी, आईआईआईटी और जीएफटीआई के लिए जोसा 2025 राउंड 1 और 2 की ओपनिंग और क्लोजिंग रैंक भी जारी कर दी गई है। सभी राउंड के लिए जोसा कटऑफ चेक करने का लिंक इस पेज पर नीचे उपलब्ध है। जोसा काउंसलिंग 2025 का पूरा संशोधित शेड्यूल जारी कर दिया गया है और इसे इस पेज पर नीचे देखा जा सकता है। इस साल, जोसा काउंसलिंग छह राउंड में पूरी होगी। काउंसलिंग के नियम वेबसाइट पर भी उपलब्ध हैं।

## 'इंडस्ट्री डायलॉग-2': 1.23 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव, 20 हजार युवाओं को मिलेगा रोजगार

# छत्तीसगढ़ बनेगा सेमीकंडक्टर, एआई, डिफेंस और ग्रीन हाइड्रोजन का हब: मुख्यमंत्री साय

### सीएम ने किया वन क्लिक सिंगल विंडो सिस्टम 2.0, ऑनलाइन भूमि आवंटन एवं प्रबंधन प्रणाली का लोकार्पण

**विजय मत, रायपुर**

छत्तीसगढ़ अब कोर सेक्टर तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि देश के सबसे हाईटेक और उन्नत औद्योगिक केंद्रों में तब्दील होने की दिशा में तेज़ी से अग्रसर है। मंगलवार को रायपुर में आयोजित 'इंडस्ट्री डायलॉग-2' कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि प्रदेश अब सेमीकंडक्टर, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, फार्मा, डिफेंस, एयरोस्पेस और ग्रीन हाइड्रोजन जैसे अत्याधुनिक क्षेत्रों में राष्ट्रीय पहचान बना रहा है। मुख्यमंत्री साय ने बताया कि प्रदेश की नई औद्योगिक नीति रोजगार और समृद्धि पर केंद्रित है। हमने छत्तीसगढ़ को नक्सल प्रभावित अतीत से निकालकर देश का सबसे गतिशील औद्योगिक और तकनीकी हब बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाए हैं। आज यह प्रदेश निवेश का सबसे आकर्षक गंतव्य बन चुका है।



#### छत्तीसगढ़ का पहला SEZ रायपुर के पास

नई औद्योगिक नीति के तहत रायपुर के समीप राज्य का पहला विशेष आर्थिक क्षेत्र प्रस्तावित है, जो आईटी, फार्मास्यूटिकल्स और इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग पर केंद्रित होगा। यह क्षेत्र प्लग-एंड-प्ले इंफ्रास्ट्रक्चर, सब्सिडी वाली भूमि, और त्वरित प्रशासनिक मंजूरी जैसी सुविधाएं देगा।

#### स्वास्थ्य, पर्यटन और लॉजिस्टिक्स में भी निवेश का जोर

सरकार ने पर्यटन को औद्योगिक दर्जा देते हुए बस्तर और सरगुजा को पारिस्थितिक और विरासत पर्यटन केंद्रों के रूप में विकसित करने की योजना बनाई है। नवा रायपुर में 200 एकड़ की मेडिकल सिटी और 142 एकड़ का फार्मा हब स्थापित किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ लॉजिस्टिक्स नीति 2025, जो हाल ही में राज्य मंत्रिमंडल द्वारा स्वीकृत की गई है, के अंतर्गत बस्तर, सरगुजा समेत अन्य आदिवासी जिलों में लॉजिस्टिक पार्क, कोल्ड चेन, एयर कार्गो केंद्र और ट्रांसपोर्ट हब स्थापित किए जाएंगे। इन क्षेत्रों में निवेश करने वालों को 10% अतिरिक्त अनुदान और 40% तक आधारभूत संरचना सहायता दी जाएगी।

#### नक्सलवाद पर बड़ी जीत, निवेश का अनुकूल वातावरण

सीएम साय ने बताया कि पिछले 18 महीनों में सरकार ने 435 कट्टर नक्सलियों को मार गिराया, 1,457 ने आत्मसमर्पण किया और 146 गिरफ्तार हुए। अब बस्तर शांति, विकास और निवेश का नया केंद्र बन रहा है।

#### 5 लाख रोजगार सृजन का लक्ष्य

मुख्यमंत्री ने ऐलान किया कि अगले पांच वर्षों में 5 लाख से अधिक रोजगार के अवसर सृजित किए जाएंगे। उन्होंने देश-विदेश के निवेशकों से अपील की कि वे छत्तीसगढ़ को भारत का नया ग्रोथ इंजन बनाने में भागीदार बनें।

#### 11 कंपनियों को सौंपे गए 'इनविटेशन टू इन्वेस्ट' पत्र

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में 11 प्रमुख कंपनियों को 1,23,073 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों के लिए 'इनविटेशन टू इन्वेस्ट' पत्र सौंपे। इससे प्रदेश में 20,627 लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार उपलब्ध होने की उम्मीद है। इन कंपनियों में शामिल हैं:

- सारडा हाइड्रोपावर (रायपुर)
- आर्टिफिशियल इलेक्ट्रॉनिक्स इंटेलिजेंस मटेरियल्स लिमिटेड (तमिलनाडु)
- केजेएसएल कोल एंड पावर (कोरबा)
- जुपिटर इंटरनेशनल लिमिटेड (कोलकाता)
- ईएसडीएस सॉफ्टवेयर सॉल्यूशंस (नासिक)
- करमवीर इलेक्ट्रॉनिक्स (मेरठ)
- एसजी ग्रीन बिल्डिंग्स (नई दिल्ली)
- जिंदल स्टील और जिंदल पावर लिमिटेड (रायगढ़)
- वीटेक प्लास्टिक प्राइवेट लिमिटेड

## प्राचार्यों की पदोन्नति का रास्ता साफ, डिवीजन बेंच ने पोस्टिंग पर लगी रोक हटाई

**विजय मत, ब्यूरो बिलासपुर**

प्रदेश में प्राचार्यों की पदोन्नति का रास्ता साफ हो गया है। हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने प्रमोशन आदेश जारी होने के बाद पोस्टिंग पर लगी रोक हटा दी है। हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने राज्य शासन की प्रमोशन नीति को वैध माना है। कोर्ट ने प्राचार्य पदोन्नति के बाद पोस्टिंग पर स्टे निरस्त कर दिया, और बीएड



अनिवार्यता के साथ प्रमोशन नीति के खिलाफ दायर सभी याचिकाएं खारिज दी है। करीब 15 दिन पहले जस्टिस रजनी दुबे की डिवीजन बेंच ने मामले की सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था, जिस पर आदेश जारी किया गया है। बता दें, कि पदोन्नति से वंचित शिक्षकों ने प्रमोशन नियम को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। हाईकोर्ट के फैसले के बाद अब 3500 स्कूलों में प्राचार्य पोस्टिंग का रास्ता साफ हो गया है।

इस मामले की सुनवाई जस्टिस रजनी दुबे और जस्टिस एके प्रसाद की डिवीजन बेंच में बीते 11 जून से 16 जून तक लगातार हुई थी। इस दौरान याचिकाकर्ताओं के अधिवक्ताओं ने अपनी बहस पूरी करते हुए बीएड डिग्री को प्राचार्य पद के लिए अनिवार्य बताया। इसके अलावा, उन्होंने माध्यमिक स्कूलों के प्रधान पाठकों से व्याख्याता बने शिक्षकों की वरिष्ठता का मुद्दा भी उठाया। हाईकोर्ट में लगी याचिकाओं में एक मामला साल 2019 से जुड़ा हुआ था, जबकि अन्य याचिकाएं 2025 में बीएड और डीएलएड योग्यता से संबंधित थी। इस दौरान राज्य सरकार की तरफ से कहा गया कि प्रमोशन नियम को लेकर सभी कैटेगरी के शिक्षकों के हितों का ध्यान रखा गया है। इसमें कोई गड़बड़ी नहीं की गई है।

## डिजिटल भारत के साल पूरे, प्रधानमंत्री मोदी ने कहा-

# अगला दशक होगा और भी परिवर्तनकारी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

डिजिटल इंडिया मिशन के 10 वर्ष पूरे हो चूके हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसका जश्न मनाते हुए अपने आधिकारिक लिंक्डइन हैंडल पर डिजिटल इंडिया का एक दशक शीर्षक से एक ब्लॉग साझा किया है। उन्होंने डिजिटल इंडिया के दस वर्षों का सफर बयां किया है।



प्रधानमंत्री ने बताया कि किस प्रकार भारत 2014 में सीमित इंटरनेट पहुंच और डिजिटल सेवाओं से 2024 में डिजिटल प्रौद्योगिकी में वैश्विक अग्रणी बन गया है। पीएम मोदी ने कहा कि पहले लोग इस बात पर संदेह करते थे कि भारतीय लोग तकनीक का सही इस्तेमाल कर सकते हैं या नहीं। लेकिन सरकार ने लोगों पर भरोसा किया और अमीरों और गरीबों के बीच की खाई को भरने के लिए तकनीक का इस्तेमाल किया। आज, डिजिटल उपकरण 140 करोड़ भारतीयों के रोजमर्रा के जीवन का हिस्सा बन गए हैं। शिक्षा और व्यवसाय से लेकर सरकारी सेवाओं तक इसकी पहुंच है। उन्होंने बताया कि 2014 में भारत में करीब 25 करोड़ इंटरनेट कनेक्शन थे। अब यह संख्या 97 करोड़ से ज्यादा हो गई है। हाई-स्पीड इंटरनेट गलवान और सियाचिन जैसे दूरदराज के इलाकों में भी पहुंच गया है। देश का 5जी रोलआउट दुनिया में सबसे तेज है। इसमें सिर्फ दो साल में करीब 5 लाख बेस स्टेशन स्थापित किए गए हैं।

## मुसीबत बना रेलवे का नियमः 25 प्रतिशत वेटिंग टिकट ने बढ़ाई मुश्किलें

# ऑफ सीजन में भी ट्रेनें रिग्रेट, वेटिंग टिकट भी नहीं

**नई दिल्ली, एजेंसी**

रेलवे द्वारा हाल ही में लागू किए गए एक नए नियम ने यात्रियों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। अब गर्मी की छुट्टियों का सीजन खत्म हो चुका है और बड़े त्योहार भी दूर हैं, फिर भी उत्तर भारत की ओर जाने वाली अधिकांश ट्रेनें रिग्रेट की स्थिति में चल रही हैं। यानी न केवल कंफर्म टिकट, बल्कि वेटिंग या आरएसी टिकट भी उपलब्ध नहीं है। रेलवे ने 16 जून 2025 से एक नया नियम लागू किया है, जिसके तहत किसी भी ट्रेन के किसी कोच में 25% से अधिक वेटिंग टिकट जारी नहीं किए जाएंगे। उदाहरण के लिए, यदि किसी कोच में 100 सीटें हैं, तो उसमें केवल 25 वेटिंग टिकट ही दिए जा सकते हैं। इससे



अधिक की अनुमति नहीं है। इस नियम का सबसे ज्यादा असर गुजरात, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश और दक्षिण भारत से उत्तर भारत की ओर जाने वाली ट्रेनों में देखा जा रहा है। मुंबई-जयपुर, अरावली एक्सप्रेस, बांद्रा-हिसार सुपरफास्ट, स्वराज एक्सप्रेस, गोवा संपर्क क्रांति जैसी कई ट्रेनें रिग्रेट की स्थिति में हैं। लखनऊ से दिल्ली और मुंबई जैसे बड़े शहरों की ओर जाने वाली ट्रेनों की स्थिति भी यही है। 12229 लखनऊ मेल, 12555 गोरखधाम एक्सप्रेस, 12565 बिहार सप्तक्रांति जैसी प्रमुख ट्रेनों में 5 जुलाई से 30 जुलाई तक सीटें उपलब्ध नहीं हैं। खासतौर पर थर्ड एसी इकॉनमी, थर्ड एसी और सेकंड एसी कोचों में सीट मिलना लगभग नामुमकिन हो गया है। यात्रियों का कहना है कि यह नियम उनके लिए परेशानी का कारण बन गया है, खासकर उन लोगों के लिए जिन्हें आपात स्थिति में यात्रा करनी होती है। कई यात्रियों को अपनी यात्रा रद्द तक करनी पड़ रही है। उनकी मांग है कि रेलवे को अस्थायी कोच जोड़ने, सीटों की संख्या बढ़ाने और नियम की समीक्षा जैसे विकल्पों पर विचार करना चाहिए। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि यह नियम प्रतीक्षा सूची नियंत्रित करने और बुकिंग प्रक्रिया पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से लाया गया है।

## डिजिटल इंडिया पर बोले खरगे

# दावे खोखले, हकीकत इससे काफी अलग

**नई दिल्ली, एजेंसी**



कांग्रेस और भाजपा के बीच जारी आरोप-प्रत्यारोप के बीच कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी सरकार पर डिजिटल इंडिया को लेकर गंभीर आरोप लगाए। खरगे ने कहा कि मोदी सरकार के डिजिटल इंडिया के दावे खोखले हैं और हकीकत इससे काफी अलग है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए खरगे ने बताया कि भारतनेट परियोजना के तहत देश के 6.55 लाख गांवों को ब्रॉडबैंड से जोड़ने का लक्ष्य था, लेकिन अब तक 4.53 लाख गांव यानी 65प्रतिशत गांव इससे वंचित हैं।

## प्रति व्यक्ति ऋण बढ़कर 4.8 लाख रुपये हुआ, होम लोन और गैर-आवासीय उधारी में तेज इजाफा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत में व्यक्तिगत उधारकर्ताओं का औसत ऋण बोझ बीते दो वर्षों में तेजी से बढ़ा है। भारतीय रिजर्व बैंक की वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। रिपोर्ट के अनुसार मार्च 2023 में जहां प्रति व्यक्ति औसत ऋण 3.9 रुपये लाख था, वो मार्च 2025 तक बढ़कर 4.8 लाख रुपये पर पहुंच गया है। प्रति व्यक्ति ऋण, सरकार के कुल ऋण का एक माप है, जो यह दर्शाता है कि प्रत्येक नागरिक पर कितना कर्ज बकाया है। ऋण स्तर में यह वृद्धि मुख्य रूप से उच्च रेटिंग वाले उधारकर्ताओं के कारण हुई है। साथ ही, आवास ऋण में तेजी से इजाफा हुआ है। रिपोर्ट के अनुसार, कुल घरेलू ऋण का लगभग 29प्रतिशत हिस्सा गृह ऋण (होम लोन) से जुड़ा है। हालांकि, आवास ऋणों में वृद्धि समग्र रूप से स्थिर बनी हुई है। दिलचस्प बात




यह है कि नई लोन लेने वालों की तुलना में पुराने उधारकर्ता औसतन एक-तिहाई अधिक राशि का ऋण ले रहे हैं। हाल के वर्षों में भारत का घरेलू ऋण लगातार बढ़ रहा है। इसका मुख्य कारण वित्तीय क्षेत्र से उधारी में वृद्धि है।

रिपोर्ट में लोन-टू-वैल्यू (एलटीवी) अनुपात का बढ़ना वित्तीय स्थिरता के लिए चिंता का विषय बन सकता है। 70 प्रतिशत से अधिक एलटीवी अनुपात वाले उधारकर्ता खातों की हिस्सेदारी बढ़ रही है। इसके अलावा निम्न-रेटेड और अधिक ऋणग्रस्त उधारकर्ताओं के बीच जोखिम की स्थिति बनी हुई है।

## सुप्रीम कोर्ट का ऐतिहासिक कदम, पहली बार स्टाफ के लिए आरक्षण नीति लागू

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने ऐतिहासिक कदम उठाते हुए 75 साल के इतिहास में पहली बार स्टाफ के लिए आरक्षण नीति लागू की है। इसके तहत अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों को सुप्रीम कोर्ट के गैर न्यायिक पदों पर नियुक्तियों और प्रमोशन में आरक्षण का लाभ मिलेगा। सुप्रीम कोर्ट में आरक्षण नीति 23 जून 2025 को लागू हुई। यह भारत के



सर्वोच्च न्यायालय में प्रशासनिक कामकाज में बड़े बदलाव का संकेत है। हालांकि जजों पर आरक्षण लागू नहीं होगा और सिर्फ रजिस्ट्रार, वरिष्ठ निजी सहायक, सहायक लाइब्रेरियन, जूनियर कोर्ट सहायक, चैंबर अटेंडेंट आदि पदों पर आरक्षण लागू होगा। सुप्रीम कोर्ट में आरक्षण के तहत तीन कैटेगरी होंगी, जिनमें एससी, एसटी और गैर आरक्षित शामिल होंगी।

## केंद्रीय कैबिनेट ने कई योजनाओं को दी मंजूरी

# रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन योजना को हरी झंडी, नई खेल नीति पर लगी मुहर

**नई दिल्ली, एजेंसी**

मोदी सरकार ने देश में रोजगार और उद्योग को बढ़ावा देने के लिए बड़ा कदम उठाया है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि केंद्रीय कैबिनेट ने 1.07 लाख करोड़ रुपये के एम्प्लॉयमेंट लिंक्ड इन्सेंटिव (ईएलआई) स्कीम को मंजूरी दे दी है। यह योजना खासतौर पर मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर पर फोकस करेगी। सरकार का मानना है कि इन योजनाओं से देश में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को मजबूती मिलेगी और शोध को भी बढ़ावा मिलेगा। केंद्रीय मंत्री ने आगे बताया कि इस योजना



के दो हिस्से होंगे। पहला हिस्सा उन लोगों के लिए होगा जो पहली बार रोजगार शुरू कर रहे हैं। वहीं, दूसरा हिस्सा लगातार रोजगार देने वाली कंपनियों को समर्थन देने के लिए होगा। इसके अलावा सरकार ने 1 लाख करोड़ रुपये के रिसर्च डेवलपमेंट और इनोवेशन स्कीम, राष्ट्रीय खेल नीति 2025 और परमकुडी-रामनाथपुरम नेशनल हाईवे के चार लेन बनाने के लिए 1,853 करोड़ रुपये की मंजूरी भी दी है। सरकार ने मंगलवार को रोजगार सृजन, कौशल बढ़ाने और सामाजिक सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन योजना को मंजूरी दी है।

## विजय मत एंकर | शिक्षा क्षेत्र के लिए गूगल ने अपने एआई टूल्स का बड़ा अपडेट जारी किया

# गूगल ने शिक्षकों और छात्रों के लिए लॉन्च किए 30 नए एआई टूल्स

**नई दिल्ली, एजेंसी**

तकनीकी दिग्गज गूगल ने शिक्षा के क्षेत्र में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के इस्तेमाल को एक नई दिशा देने के लिए बड़ा ऐलान किया है। अमेरिका में आयोजित इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर टेक्नोलॉजी इन एजुकेशन (ISTE) सम्मेलन के दौरान गूगल ने 'Gemini in Classroom' नाम से एआई टूल्स की एक नई सीरीज लॉन्च की है। इस अपडेट के तहत शिक्षकों और छात्रों दोनों के लिए अनेक उन्नत फीचर्स और एप्लिकेशन पेश किए गए हैं।




गूगल ने स्पष्ट किया है कि इस एप में बच्चों की सुरक्षा और गोपनीयता को प्राथमिकता दी गई है। बच्चों की चैट या संवादों का इस्तेमाल एआई मॉडल को ट्रेन करने के लिए नहीं किया जाएगा। इसके लिए गूगल ने चाइल्ड सेफ्टी एक्सपर्ट्स से सलाह लेकर पॉलिसी तैयार की है।

#### शिक्षकों के लिए 30 से अधिक नए एआई टूल्स

गूगल ने अपने ब्लॉग पोस्ट में जानकारी दी है कि Google Workspace for Education उपयोगकर्ताओं के लिए ये सभी एआई टूल्स बिलकुल मुफ्त होंगे। पिछले साल गूगल क्लासरूम में Gemini फीचर को शामिल किया गया था, और अब उसकी क्षमताओं को और बढ़ाया गया है।

- एआई की मदद से पाठ योजनाएं तैयार कर सकेंगे।
- ऑटोमेटिक क्विज जनरेशन कर सकेंगे।
- प्रेजेंटेशन और वर्कशीट डिजाइन कर सकेंगे।
- छात्रों के लिए प्रोजेक्ट आइडियाज तैयार कर सकेंगे।
- अध्ययन को गेमिफिकेशन के जरिए रोचक और इंटरएक्टिव बना सकेंगे।

#### छात्रों के लिए जैमिनी फॉर स्टूडेंट्स एप

गूगल ने छात्रों के लिए विशेष रूप से तैयार 'जैमिनी फॉर स्टूडेंट्स' एप भी लॉन्च किया है। इस एप के मुख्य फीचर्स में शामिल हैं...

- जैमिनी कैनवास जिसके जरिए छात्र किसी भी विषय पर पर्सनलाइज्ड क्विज तैयार कर सकेंगे।
- इंटरएक्टिव डायग्राम और विजुअल टूल्स, जिससे जटिल विषय भी आसानी से समझ सकें।
- अभिभावकों और शिक्षकों के लिए सुपरविजन और कंट्रोल टूल्स भी उपलब्ध होंगे।

#### जल्द आ रहे हैं NotebookLM और Gems फीचर्स

गूगल जल्द ही दो और प्रमुख एआई फीचर्स लॉन्च करने वाला है- NotebookLM की मदद से शिक्षक अपने कंटेंट से स्टडी गाइड और ऑडियो ओवरव्यू बना सकेंगे। Gems फीचर के जरिए शिक्षक एआई एक्सपर्ट असिस्टेंट्स तैयार कर सकेंगे, जो छात्रों को अतिरिक्त सपोर्ट प्रदान करेंगे।

## सार समाचार

### डॉ जेएल उईके ने संभाली स्वास्थ्य विभाग की कमान

**बालोद/विजय मत।** बालोद जिले में स्वास्थ्य विभाग में तबादला होने के बाद डॉ जेएल उईके को बालोद जिले के स्वास्थ्य विभाग की जिम्मेदारी शासन ने दी। शासन की ओर से आदेश जारी होने मंगलवार को डॉ जेएल उइके ने पद का कार्यभार ग्रहण किया। बता दें कि डॉ. उइके को बालोद जिले में दूसरी बार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी पद की जिम्मेदारी दी गई है और वह डॉ एमके सूर्यवंशी के स्थान पर पदस्थ हुए। इससे पहले वह जिला अस्पताल बालोद में पदस्थ थे। नए सीएमएचओ के पदभार ग्रहण करते ही स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारियों ने उनका स्वागत किया और उन्हें बधाई दी। इस दौरान उन्होंने कहा कि बालोद जिले के स्वास्थ्य व्यवस्था को दुरुस्त करना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। साथ ही स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए उनका पूरा प्रयास रहेगा।

### संत कबीर कृषि महाविद्यालय में चतुर्थ वर्ष के विद्यार्थियों को दी गई भावभीनी विदाई

**कवर्धा/विजय मत।** संत कबीर कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र, कवर्धा में चतुर्थ वर्ष के पासआउट छात्र-छात्राओं के लिए आज एक गरिमामय विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. राजीव श्रीवास्तव ने की। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। समारोह में पासआउट विद्यार्थियों ने अपने चार वर्षों की शैक्षणिक यात्रा को स्मरण करते हुए अनुभव साझा किए। उन्होंने महाविद्यालय में मिले शिक्षण, अनुशासन और मार्गदर्शन के लिए समस्त शिक्षकों के प्रति आभार प्रकट किया। अधिष्ठाता डॉ. श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों को कृषि विज्ञान के विविध क्षेत्रों में करियर की संभावनाओं की जानकारी दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

### पूर्व जनपद सदस्य ने अपनी शादी की वर्षगांठ निराश्रित पुरुषों एवं महिलाओं के साथ मनाया

**बालोद/विजय मत।** दल्ली राजहरा के संजय बैस ने पिल फाऊंडेशन भिलाई में बेसहारा और मानसिक रूप से कमजोर व्यक्तियों को भोजन रहने एवं दवाई की व्यवस्था कर परमार्थ का कार्य किया जाता है ' वर्तमान में इस संस्था में 84 महिला एवं पुरुष रह रहे हैं। संजय बैस ने बताया कि उनकी पत्नी मंजू संजय बैस वर्तमान में कुसुम कसा जनपद सदस्य के रूप में कार्यरत हैं। उन्होंने कहा कि शादी की वर्षगाँठ व्यक्ति के वैवाहिक जीवन का एक यादगार पल होता है ,क्यों ना हम इस यादगार पल को इन माता और पिता समान इन बेसहारा लोगों के साथ मनाएं उनकी बातों का मैं समर्थन करते हुए परिवार सहित बिल फाऊंडेशन में वहां के सभी महिला एवं पुरुषों के साथ हम लोगों ने अपनी शादी की वर्षगांठ के अवसर पर एक साथ भोजन कर इस दिन को यादगार बनाया ' मैं और अन्य जनप्रतिनिधियों से भी निवेदन करता हूं कि अपने वैवाहिक जीवन के इस पल को यादगार बनाने के होड में पैसे की बबार्दी ना करें ' इन बेसहारा और असहाय लोगों के साथ दो पल गुजार कर भी आप अपने सुनहरे पल को यादगार बना सकते हैं।

### भारतीय स्टेट बैंक भरदा कला में केक काटकर बैंक का स्थापना दिवस मनाया गया

**बालोद/विजय मत।** गुण्डरदेही ब्लाक के ग्राम भरदाकला के भारतीय स्टेट बैंक में बैंक की स्थापना दिवस मनाया गया भारतीय स्टेट बैंक की स्थापना 1 जुलाई 1955 को की गई थी जिसके तहत आज भारतीय स्टेट बैंक भरदा कला में सरपंच क्रांति भूषण साहू के द्वारा केक काटा गया और बैंक के हितग्राहियों को हार्दिक बधाई दी गई। इस अवसर पर भारतीय स्टेट बैंक के मैनेजर ईशा मेश्राम उपसरपंच डोमन साहू सीनियर सिटीजन टामन सिंह, पवार सिन्हा गुरुजी , रमन सिंह यादव भेस राम यादव बैंक स्टाफ एवं ग्राम वासी उपस्थित थे।

### आपदा पीड़ित परिवार को 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता

बलौदाबाजार/**विजय मत।** राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत प्राकृतिक आपदा पीड़ित परिवार के लिए कलेक्टर दीपक सोनी ने 4 लाख रुपये आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत किया है। उन्होंने मृतक के वैध वारिसान के बैंक खाते में उक्त राशि जमा कराने के निर्देश सम्बंधित आहरण एवं संवितरण अधिकारी को दिए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार बलौदाबाजार तहसील अंतर्गत ग्राम कोलियारी निवासी गैंदुराम ध्रुव पिता बलभद्दर ध्रुव की तालाब में डूबने से मृत्यु हो गई थी। राजस्व पुस्तक परिपत्र खंड 6-4 के प्रावधान के अनुसार मृतक के निकटतम वैध वारिसान पुत्र द्वारिका ध्रुव को 4 लाख रुपये आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत किया गया है।

स्वास्थ्य सूचकांक को बेहतर बनाने में अपना योगदान दें

# राजनांदगांव जिले में 165 पदों पर नियुक्ति से स्वास्थ्य सुविधाओं को मिलेगी गति : डॉ.रमन

**विजय मत, राजनांदगांव**



विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह आज राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत जिला पंचायत राजनांदगांव के सभाकक्ष में संविदा पदों के नियुक्ति आदेश वितरण कार्यक्रम में शामिल हुए। विधानसभा अध्यक्ष ने सभी को डॉक्टर्स डे की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि शहरी स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत शहरों को जोड़ा गया तथा स्वास्थ्य के मापदण्डों के तहत शिशु मृत्यु दर, मातृ मृत्यु दर तथा कुपोषण की समीक्षा के दौरान यह देखा गया कि स्वास्थ्य सूचकांक में कमी आयी है। स्लम बस्तियों में शासन की विभिन्न योजनाओं को पहुंचाने के लिए कार्य किया गया। रायपुर, दुर्ग, भिलाई जैसे शहरों की स्लम बस्तियों में ध्यान केन्द्रित करते हुए संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने, टीकाकरण को शत-प्रतिशत सुनिश्चित करने, कुपोषण को दूर करने के लिए कार्य किया जा रहा है। शहरी क्षेत्रों के स्लम बस्तियों में अब इसका असर दिखाई दे रहा है। शहरी स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत राजनांदगांव जिले में व्यापक पैमाने पर नियुक्ति की गई है। स्वास्थ्य विभाग में इतनी बड़ी भर्ती पहले नहीं हुई है। स्वास्थ्य विभाग में 165 विभिन्न पदों पर भर्ती की गई है। जिसमें एएनएम के 21, नर्सिंग ऑफिसर के 54, रेडियोग्राफर 6 सहित विभिन्न पदों पर भर्तियां की गई है। एक अच्छे उद्देश्य को लेकर स्वास्थ्य विभाग से जुड़कर सभी स्टॉफ कार्य करें। राजनांदगांव शहर में स्वास्थ्य सुविधाओं को बढ़ाने तथा संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने के लिए कार्य करें। उन्होंने कहा कि ऐसे केस में रिफर करें जहां कठिनाई महसूस हो। स्वास्थ्य सूचकांक को बेहतर बनाने में अपना योगदान दें। उन्होंने इस भर्ती प्रक्रिया के लिए जिला प्रशासन को बधाई दी। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष ने विभिन्न पदों पर चयनित अभ्यर्थियों को संविदा पदों के नियुक्ति के लिए आदेश वितरण किया। सांसद श्री संतोष पाण्डेय ने कहा कि आज डॉक्टर्स डे के दिन सभी 165 पदों पर भर्ती हुए सभी डॉक्टर्स एवं स्टॉफ को नियुक्ति आदेश पत्र प्रदान किया जा रहा है और यह उनके जीवन का महत्वपूर्ण मोड़ है। उन्होंने कहा कि आप सभी से यह अपेक्षा है कि आप जनसामान्य की सेवा करेंगे। उन्होंने कहा कि हमारे बीच आज दो डॉक्टर विधानसभा अध्यक्ष एवं कलेक्टर मौजूद है। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने डॉक्टर के तौर पर दरिद्र नारायण की सेवा की एवं राष्ट्र सेवा के लिए कार्य किया। उन्होंने 165 विभिन्न पदों पर भर्ती के लिए कलेक्टर एवं उनकी टीम को बधाई दी।

महापौर श्री मधुसूदन यादव ने 165 पदों पर निर्विवाद भर्ती के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि सभी मानवता की सेवा के लिए कार्य करेंगे। शहरी स्वास्थ्य मिशन विधानसभा अध्यक्ष ने प्रारंभ किया था।

# गड्ढों में तब्दील हुआ माग, अधिकारी से शिकायत के बाद भी कार्यवाही नहीं

## 20 लाख से बनी सड़क एक महीने में उखड़ी



**विजय मत, छुईखदान**

छुईखदान नगरीय प्रशासन की उदाशीनता के चलते ठेकेदारों द्वारा सरकारी राशि बन्दरबांट किया जा रहा है । जहां सड़क के मरम्मत के नाम पर 20 लाख रुपये की सरकारी राशि को ठिकाने लगा दिया गया। महज दो माह पूर्व बनी सड़क में गड्ढे ही गड्ढे नजर आ रहे हैं। वहीं मामलाअनुविभागीय अधिकारी कर संज्ञान में आने के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं की गई।

छुईखदान वार्ड नं. 10 बाजार लाइन से आजाद चौक तक सड़क का पुनः निर्माण कराया गया था । जिसके नाम पर 20 लाख की लागत से निर्माण कार्य कराया गया था।

20 लाख की लागत से बनाई गई सड़क पहली ही बारिश ने प्रशासनिक सक्रियता की पोल खोल दी है। पहली ही बारिश के बाद सड़को में जगह-जगह गड्ढों के साथ दरारें पड़नी चालू हो गई है। जबकि इससे पूर्व बनी हुई सड़क में कोई खराबी नहीं थी वह सड़क 10 वर्षो में भी नहीं उखड़ी थी। प्रशासन के खिलाफ नाराजगी सड़क ध्वस्त होने से स्थानीय लोगों में आक्रोश है तो वहीं प्रशासन के खिलाफ नाराजगी भी देखने को मिल रही है।

# ग्रामवासियों को राजस्व रिकॉर्ड अब रेंगाखार में ही उपलब्ध होंगे: उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा

## उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा सुदूर वनांचल में आयोजित विशेष राजस्व शिविर में हुए शामिल

**विजय मत, कवर्धा**



उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के निर्देश पर जिले के बोड़ला विकासखंड के सुदूर वनांचल, बैगा बहुल्य रेंगाखार जंगल तहसील क्षेत्र में राजस्व संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

इसी क्रम में विजय शर्मा स्वयं रेंगाखार के शासकीय स्कूल में आयोजित विशेष राजस्व शिविर में पहुँचे और ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनके आवेदन की स्थिति की जानकारी ली। राजस्व शिविर में उप मुख्यमंत्री ग्रामवासियों और अधिकारियों की उपस्थिति में प्राप्त आवेदनों की प्रगति की समीक्षा की। इस शिविर में कलेक्टर गोपाल वर्मा पूरे दिन शिविर में रहे और ग्रामीण , किसानों से प्राप्त आवेदनों की निराकरण की स्थिति की जानकारियां दी। उप मुख्यमंत्री शर्मा ने शिविर में अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रत्येक आवेदन का त्वरित और पारदर्शी ढंग से निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उल्लेखनीय है कि 20 मई 2025 को रेंगाखार में आयोजित शिविर में कुल 631 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें से अब तक 314 आवेदनों का निराकरण किया जा चुका है। शेष आवेदनों को 20 अगस्त 2025 तक निराकृत करने के निर्देश उप मुख्यमंत्री ने शिविर में ही संबंधित अधिकारियों को दिए। उप मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि शासन की मंशा है कि अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक न्याय और सुविधा पहुंचे। विशेषकर वनांचल और आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों में रहने वाले लोगों की राजस्व संबंधी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता पर किया जा रहा है।

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा आज कबीरधाम जिले के सुदूर वनांचल रेंगाखार क्षेत्र में आयोजित विशेष राजस्व शिविर में पहुंचे। उन्होंने शिविर स्थल पर ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं, शिकायतें और मांगें संवेदनशीलता के साथ सुनी और कई महत्वपूर्ण प्रकरणों का समाधान मौके पर ही किया। उप मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि वनांचल क्षेत्र के निवासियों की राजस्व संबंधी समस्याओं का प्राथमिकता से निराकरण राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है।

उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, रिकॉर्ड सुधार, वन अधिकार पट्टा, व्यवस्थापन पट्टा, नक्शा बटांकन, डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका जैसे विषयों से जुड़ी समस्याएं आम हैं, जिनके त्वरित और पारदर्शी समाधान के लिए राजस्व शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। उप मुख्यमंत्री ने यह भी घोषणा की कि अब रेंगाखार क्षेत्र के ग्रामीणों को अपने राजस्व रिकॉर्ड निकलवाने के लिए बोड़ला नहीं जाना पड़ेगा। सभी आवश्यक रिकॉर्ड अब रेंगाखार तहसील कार्यालय में उपलब्ध कराए जाएंगे, जिससे ग्रामीणों को समय और संसाधन की बचत होगी।

# बेटियों को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण, सुरक्षा और सशक्तिकरण की दिशा में सार्थक पहल

**विजय मत, कवर्धा**



महिला एवं बाल विकास विभाग जिला कबीरधाम द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत 01 जुलाई से 05 जुलाई 2025 तक शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला कुंडा एवं कन्छेटा में आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

यह प्रशिक्षण शिविर मिशन शक्ति के तहत महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण को ध्यान में रखते हुए आयोजित किया गया है। कलेक्टर गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। उद्बोधन में सुखचंद भास्कर ने बेटियों की सुरक्षा को समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बताते हुए कहा कि जब तक समाज में बेटियों की शिक्षा, सुरक्षा और समान अधिकार सुनिश्चित नहीं होते, तब तक समग्र विकास की कल्पना अधूरी है। सरपंचहरेन्द्र चंद्राकर ने भी बेटियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए ऐसे प्रशिक्षणों को अत्यंत आवश्यक बताया। प्रशिक्षण शिविर के पहले दिन कुंडा में 100 एवं कन्छेटा में 204 बालिकाओं ने आत्मरक्षा का प्रशिक्षण प्राप्त किया।

# केसीसी के माध्यम से किसानों को 325 करोड़ का ऋण वितरित

**विजय मत, बलौदाबाजार**



कृषि,सहकारिता, विपणन सहित अन्य सम्बंधित विभाग के अधिकारियों की सोमवार को बैठक लेकर कलेक्टर दीपक सोनी ने जिले में खाद व बीज की उपलब्धता की समीक्षा की। उन्होंने डीएपी उर्वरक के विकल्प के रूप में डीएपी के साथ एसएसपी का उठाव करने किसानो को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिये।

कलेक्टर ने कहा कि किसानों को गुणवत्तायुक्त खाद व बीज उपलब्ध हो सके इसके लिए समितियों एवं कृषि सेवा केंद्रों का सतत निगरानी करें। जिन समितियो मे एनपीके व डीएपी अधिक मांग है वहां प्राथमिकता के आधार पर भण्डारण कराएं।

समितिवार उर्वरक की आवश्यकता हेतु गेप आईडेंटिफाई करें। उन्होंने जिले के लिए करीब 425 मेट्रिक टन एनपीके उर्वरक की रेक लगने की जानकारी पर ज्यादा मांग वाले समितियों में भण्डारण कराने तथा सभी समितियों में अलग -अलग उर्वरक भण्डारण हेतु लक्ष्य निर्धारित करने के निर्देश दिये। सहकारी समितियों में रासायनिक उर्वरकों में एनपीके व डीएपी की मांग ज्यादा हैं।

# चरणबद्ध आंदोलन के तहत शिक्षकों ने किया धरना प्रदर्शन

**विजय मत, बालोद**

साझा मंच के प्रांतीय आव्हान पर ब्लॉक स्तरीय धरना प्रदर्शन बालोद में किया गया।

ब्लॉक संचालक लोकेश कुमार साहू बताया कि शासन के द्वारा दोषपूर्ण युक्तियुक्तकरण के विरोध में धरना प्रदर्शन आयोजित किया गया। प्राथमिक और माध्यमिक शालाओं में सेटअप 2008 से छेड़छाड़ कर एक-एक शिक्षक के कटौती करके शासन गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने का तर्क दे रही है जो की बिल्कुल दोष पूर्ण है प्रांतीय उपसंचालक रूपेंद्र सिन्हा ने बताया कि आज अधिकारियों के द्वारा बिना दावा आपत्ति लिए युक्तिकरण किया गया जिससे कई शिक्षक बिना कारण के परेशानियों का सामना कर रहे हैं।

जिले के पद को जिले में कार्यरत शिक्षकों को प्राथमिकता के आधार पर यदि अतिशेष हो तो युक्तिकरण किया जाना चाहिए था लेकिन उसके विपरीत जिले से बाहर भी युक्तिकरण किया गया ।ब्लॉक संचालक आर के खरांशु ने सोना साहू के तर्ज पर सभी शिक्षकों के लिए क्रमोन्नति का लाभ देने के लिए जनरल आर्डर जारी करने की मांग पर अपने विचार व्यक्त किये।

# बीजापुर में स्वास्थ्य सेवाओं को मिलेगी और तेज रफ्तार

## एनएमडीसी सीएसआर मद के सहयोग से प्रदत कलेक्टर ने 8 एम्बुलेंस को दिखाई हरी झंडी

**विजय मत, बीजापुर**



जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर संबित मिश्रा ने 8 नई एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

दरअसल बीजापुर जिला अस्पताल में मरीजों को लाने ले जाने के लिए एम्बुलेंस की कमी बनी हुई थी।फलस्वरूप कभी-कभी जिले के अंदरूनी गाँव के ग्रामीण मरीजों को समय से उन्हें ईलाज न मिलने पर उनकी मौत हो जाती थी। जिससे मरीजों को समय पर ईलाज नही मिल पाता था। परन्तु अब एनएमडीसी के सीएसआर मद से बीजापुर जिले को स्वास्थ्य के क्षेत्र में और अधिक तेजी से गति मिलेगी। जिससे न केवल शहर बल्कि जिले के अंदरूनी गांवों तक यह एम्बुलेंस मरीजों को लेने पहुंचेगा। यह सभी एम्बुलेंस एनएमडीसी के सीएसआर मद के सहयोग से स्वास्थ्य विभाग को प्रदान की गई हैं। कलेक्टर मिश्रा ने कहा कि यह पहल ग्रामीणों को समय पर इलाज उपलब्ध कराने में मील का पत्थर साबित होगी। प्रशासन की कोशिश है कि जिले के अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचें। यह एम्बुलेंस सेवा जिले के सभी ब्लॉकों और दूरस्थ गांवों में लोगों को समय पर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने में सहायक होगी। एम्बुलेंस के संचालन से ग्रामीण अंचलों में रहने वाले मरीजों को अब इलाज के लिए अस्पताल तक लाना आसान होगा। इससे नियमित और सुलभ स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित की जा सकेगी।

बैठक लेकर उद्देश्यों की दी गई जानकारी

# सावन मास में कांवड़ यात्रा निकालने मंदिर ट्रस्ट ने बनाई रणनीति

**विजय मत, राजनांदगांव**



श्री बागेश्वर मंदिर धर्मार्थ ट्रस्ट द्वारा इस वर्ष भी श्री बागेश्वर धाम मंदिर से कांवड़ यात्रा शिवभक्तों इस वर्ष सावन माह में 14, 21 व 28 जुलाई व 4 अगस्त को निकाली जाएगी। इस आयोजन की रूपरेखा विषय थीम के लिए श्री बागेश्वर धाम उत्सव भवन में बैठक आयोजित की गई।बैठक की जानकारी देते श्री बागेश्वर धाम सेवक पंकज गुप्ता, राकेश ठाकुर, सूरज गुप्ता, भावेश अग्रवाल, राजेश शर्मा, सौरभ खंडेलवाल, मयंक शर्मा ने बताया कि बागेश्वर धाम कांवड़ यात्रा जो कि धार्मिकता, सामाजिक संदेश, राष्ट्र प्रेम वीरसैनिको, जनकल्याण, खेलो खिलाडि?ों को के प्रोत्साहन, नारी शक्ति, राष्ट्र ध्वज तिरंगा, रक्षा बंधन आदि विषय थीम पर निकाली जाती रही है। जिसका उद्देश्य धार्मिकता के साथ जनकल्याण देश के समाज के समसामायिक विषयों का संगम कर जन समान्य के कल्याण हेतु भी रहता है । बैठक का संचालन करते पंकज गुप्ता ने बताया कि इस वर्ष बागेश्वर धाम में प्रमुख रूप से हरित कांवड़ यात्रा ब्रम्हाण्ड के कल्याण के लिए निकाली जाएगी। जिसमें वक्ताओं में वरिष्ठ अधिवक्ता विष्णु साव, राकेश ठाकुर, राजेश गुप्ता, किरण अग्रवाल, हरीश गांधी, निंकुज सिंघल, मनोहर चंदेल, मयंक शर्मा, सौरभ खंडेलवाल, आशा गुप्ता, शरद गुप्ता, कृष्ण गुप्ता, शैलेन्द्र तिवारी, कैलाश हुका, नवीन अग्रहरि, राजेश शर्मा आदि ने अपने-अपने विचार रखें तथा सावन माह को पूर्ण भक्तिभाव से मानने का निर्णय लिया। दो भागों में चली बैठक का आभार प्रदर्शन सूरज गुप्ता, व सौरभ गुप्ता द्वारा किया गया। बैठक में वेणु गोपाल सारडा, महेश शर्मा, लक्ष्मी गुप्ता, अजय गुप्ता, हरिश भानुशाली, जतिन भाई पटेल, शीतल पटेल, दिनेश अग्रवाल, शोभा गुप्ता आदि शामिल थे। उक्त जानकारी श्री बागेश्वर धाम सेवक अजय गुप्ता द्वारा दी गई ।

# खाद्य विभाग की अवैध घरेलु गैस सिलेंडर पर कार्यवाही, 14 नग गैस सिलेंडर जब्त

**विजय मत, बलौदाबाजार**



खाद्य विभाग द्वारा जिले में अवैध रूप से घरेलू गैस सिलेण्डर भण्डारण व विक्रय पर कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर सोमवार को खाद्य विभाग की टीम ने विभिन्न प्रतिष्ठानो में दबिश देकर 14 नग घरेलु गैस सिलेंडर जब्त किया गया।

जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि घरेलु गैस सिलेंडर अधिक दाम में विक्रय करने के संबंध में शिकायते प्राप्त होने पर जिला मुख्यालय में जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान साक्षी सीएससी सेंटर से 4 नग भरे हुए एवं 3 नग खाली घरेलू गैस सिलेण्डर, सखी सेंटर रोमा नागदेव से 4 नग भरे हुए एवं 3 नग खाली घरेलू गैस सिलेण्डर कुल 8 नग भरे हुए एवं 6 नग खाली गैस सिलेण्डर जब्त कर द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस प्रदाय एवं वितरण विनियमन आदेश 2000 के प्रावधानों के तहत कार्रवाई की गई।

कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह की बिंदुवार विभागीय समीक्षा

# कलेक्टर ने योजना अधिकारियों को लंबित प्रकरणों का तत्काल निराकरण करने के निर्देश दिए

## पोषण ट्रेकर, मातृ वंदना योजना पर दिए गए दिशा-निर्देश

विजय मत, रायपुर



कलेक्टर डॉ गौरव सिंह द्वारा महिला एवं बाल विकास विभाग की आज बिंदुवार विभागीय समीक्षा की गई। सर्वप्रथम पोषण ट्रेकर के विभिन्न इंडिकेटर्स पर समीक्षा की गई। इस कड़ी में FRS, E-KYC, AADHAAR FACE केप्चर की सेक्टरवार समीक्षा की गई व शत प्रतिशत लक्ष्य पूर्ण करने हेतु निर्देश दिया गया।

कलेक्टर डॉ. सिंह ने परियोजना अधिकारियों एवं सेक्टर पर्यवेक्षकों को आंगनबाड़ी केन्द्र भ्रमण की जानकारी प्रति सप्ताह साप्ताहिक समीक्षा बैठक में लेकर आने हेतु निर्देश दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में परियोजना अधिकारियों व पर्यवेक्षकों के स्तर पर अनुमोदन हेतु लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए।

साथ ही महतारी वंदन योजना में जिस भी स्तर पर पात्र हितग्राहियों को भुगतान लंबित है उसे निराकृत करने के निर्देश दिये।

डॉ. सिंह ने कहा कि नोनी सुरक्षा योजना हेतु स्वास्थ्य विभाग से समन्वय करते हुए वार्षिक शिशु जन्म के आंकड़े लेकर इसका परीक्षण कर योजना के हितग्राहियों को चिन्हांकित करें, साथ ही सुकन्या समृध्दि योजना में भी कार्य उपलब्धि बढ़ाने हेतु निर्देशित किया।

डॉ. गौरव सिंह ने प्रत्येक परियोजना अधिकारी को अपनी परियोजना के किन्हीं 02 आंगनबाड़ी केन्द्रों का चयन कर नवाचार के रूप में कार्य करते हुए उन केन्द्रों को उत्कृष्ट केन्द्र के रूप में विकसित करने के निर्देश दिए।

प्रत्येक परियोजना अधिकारी को अपने खण्ड चिकित्सा अधिकारी से बात कर विकासखण्ड स्तर पर या जिला स्तर पर आंगनबाडी कार्यकर्ता व सहायिकाओं के लिए स्वास्थ्य कैंप आयोजित करने हेतु कहा गया, जिसमें कार्यकताओं व सहायिकाओं के परिजनों को भी शामिल किया जायेगा।

समीक्षा बैठक में विभागीय योजनाओं में उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने पर सुश्री रचिता नायडू परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना अभनपुर, श्रीमती कुसुम ठाकुर पर्यवेक्षक परिक्षेत्र खिलोरा (अभनपुर), श्रीमती स्मिता ध्रुव पर्यवेक्षक परिक्षेत्र खोरपा (अभनपुर), सुश्री अंबा पटेल पर्यवेक्षक परिक्षेत्र पारागॉव (अभनपुर) एवं श्रीमती प्रमिला गणवीर पर्यवेक्षक परिक्षेत्र सेमरिया (आरंग) को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

बैठक में श्री कुमार बिश्वरंजन मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, सुश्री शैल ठाकुर जिला कार्यकम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग, सर्व परियोजना अधिकारी व पर्यवेक्षक उपस्थित रहे।

# हर बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दिलाना केंद्र सरकार की प्राथमिकताः बृजमोहन

विजय मत, रायपुर



सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा है कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार का संकल्प है कि देश का प्रत्येक बच्चा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पाए, युवाओं की प्रतिभा को पहचान मिले और खेल व कौशल विकास के जरिए भारत को ह्वविश्व गुरुह्व बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएं।

सांसद अग्रवाल ने मंगलवार को संसद की शिक्षा, महिला, बाल, युवा एवं खेल संबंधी स्थायी समिति के अध्ययन दौरे के अंतर्गत वाराणसी में आयोजित बैठक में देश के शिक्षा क्षेत्र में नवाचार को प्रोत्साहित करने, मूलभूत ढांचे को सशक्त बनाने, युवाओं की खेलों में भागीदारी बढ़ाने और वित्तीय समावेश सुनिश्चित करने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर व्यापक संवाद किया।

उन्होंने कहा कि ऐसी समितियां नीतिगत निर्णयों के लिए जमीन से जुड़ी समस्याओं को सामने लाने का सशक्त माध्यम होती हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि केंद्र सरकार के प्रयासों और राज्य सरकारों के सहयोग से देश के शिक्षा और युवा विकास के क्षेत्र में अभूतपूर्व सुधार देखने को मिलेंगे।

बैठक में बृजमोहन अग्रवाल ने विशेष रूप से उत्तर प्रदेश में शिक्षा के ढांचे पर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि राज्य में वर्तमान में लगभग 1,32,000 प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक स्कूल संचालित हैं, परंतु प्राथमिक और मिडिल स्कूलों की तुलना में हाई स्कूल और हायर सेकेंडरी स्कूलों की संख्या बेहद कम है। इस असंतुलन के चलते बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं को उच्च कक्षाओं में प्रवेश के लिए कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

उन्होंने राज्य सरकार से आग्रह किया कि इस दिशा में शीघ्र कदम उठाते हुए हाई स्कूल और हायर सेकेंडरी स्कूलों की संख्या में वृद्धि की जाए।

इस महत्वपूर्ण बैठक में समिति के अध्यक्ष दिग्विजय सिंह सहित समिति के सदस्यगण और विभिन्न मंत्रालयों व संस्थानों के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

## सार समाचार

### अजुर्नी में मनाया गया सक्षम स्थापना दिवस

**बलौदाबाजार/विजय मत।** ग्राम अजुर्नी में रविवार को सक्षम स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप मे सक्षम के प्रांत उपाध्यक्ष डॉ राजेश अवस्थी उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री अवस्थी ने कहा कि हमे जमीनी स्तर पर दिव्यंगो व समाज के लिए कार्य की आवश्यकता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता सक्षम के जिला अध्यक्ष डॉ निशांत वाजपेयी ने किया। उन्होंने सक्षम के कार्य को जिला मे सतत आगे बढ़ाने पर जोर देते हुए कहा की सक्षम के कार्यकर्ता ही इस संगठन की असली ताकत है। कार्यक्रम में उपस्थित जिला पंचायत सभापति ईशान वैषणव ने सक्षम के कार्य को देखते हुए तत्काल 5 हजार रुपए का अनुदान दिया। इस अवसर पर दिव्यांग जन देवनारायण वर्मा को स्वरोजगार, हर्षवर्धन यादव को दिव्यांग शिक्षा एव समाजसेवा व रक्त दान के लिए मुकेश साहू , टिक्की वर्मा , नरेंद्र वर्मा, ओमप्रकाश, निखिल पटेल जी को मोमेंटो व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन नूतन कुमार सेन द्वारा किया गया।

### नगपा ने किया स्वच्छता कर्मियों को रेनकोट का वितरण

**भाटापारा/विजय मत।** नगर पालिका परिषद् द्वारा बरसात के मौसम को ध्यान में रखते हुए स्वच्छता कर्मचारियों को रेनकोट वितरित किए गए। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष श्री अश्वनी शर्मा ने कहा कि स्वच्छता कर्मचारी वर्षभर हर परिस्थिति में नगर की सफाई व्यवस्था को बनाए रखने का कार्य करते हैं। ऐसे में बरसात के मौसम में उन्हें सुरक्षित रखने एवं उनकी सुविधा हेतु रेनकोट वितरण एक आवश्यक कदम है। नगर पालिका प्रशासन की इस पहल से कर्मचारियों में हर्ष देखा गया।

### आपदा पीड़ित परिवार को 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता

बलौदाबाजार/**विजय मत।** राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत प्राकृतिक आपदा पीड़ित परिवार के लिए कलेक्टर दीपक सोनी ने 4 लाख रुपये आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत किया है। उन्होंने मृतक के वैध वारिसान के बैंक खाते में उक्त राशि जमा कराने के निर्देश सम्बंधित आहरण एवं संवितरण अधिकारी को दिए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार बलौदाबाजार तहसील अंतर्गत ग्राम कोलियारी निवासी गैंदुराम ध्रुव पिता बलभद्दर ध्रुव की तालाब में डूबने से मृत्यु हो गई थी। राजस्व पुस्तक परिपत्र खंड 6-4 के प्रावधान के अनुसार मृतक के निकटतम वैध वारिसान पुत्र द्वारिका ध्रुव को 4 लाख रुपये आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत किया गया है।

30 दिवसीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का समापन

# 70 खिलाड़ियों और 55 प्रशिक्षकों को किया गया सम्मानित

## महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने खिलाड़ियों को खेल अभ्यास में अनुशासन बनाए रखने के लिए दी शुभकामनाएं

विजय मत, रायपुर







स्वामी विवेकानंद स्टेडियम कोटा रायपुर में खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर दिनांक 15 मई से 13 जून 2025 तक 30 दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का समापन दिनांक 01 जुलाई 2025 को संध्या 4:00 बजे स्वामी विवेकानंद स्टेडियम कोटा रायपुर में श्रीमती मीनल चौबे महापौर, नगर पालिका निगम रायपुर के आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। आयोजन में श्रीमती अभिलाषा पैंकरा, अपर कलेक्टर, सहायक संचालक खेल एवं खेल संघ/संस्थान के सदस्य, व्यायाम शिक्षक, प्रशिक्षक, खिलाड़ी शामिल हुए। श्री प्रवेश जोशी, खेल अधिकारी द्वारा प्रतिवेदन पाठन किया गया। समापन में फुटबाल, हैण्डबाल, वॉलीबाल, बास्केटबाल, एथलेटिक्स, हॉकी, नेटबाल, कबडडी, कराते, टेनिक्वाईट, किक बॉक्सिंग, टेबल टेनिस, खो-खो, स्क्वेश, जम्परोप, ताईक्वांडो, आरचरी, क्याकिंग केनाईंग, सॉफ्टबाल, जिमनास्टिक, बेसबॉल, कुश्ती, भारोत्तोलन, फेंसिंग खेलों के लगभग 500 खिलाड़ी उपस्थित थे। शिविर में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 70 खिलाड़ियों व 55 प्रशिक्षकों को पुरस्कृत एवं खेल सामग्री प्रदाय किया गया।

अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि श्रीमती मीनल चौबे महापौर नगर निगम रायपुर ने अनुशासन के साथ खिलाड़ियों को आगे बढ़ने व नियमित खेल अभ्यास करते रहने के लिए शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर खेल संघ,संस्थान, व्यायाम शिक्षक, प्रशिक्षक उपस्थित थे। 30 दिवसीय शिविर में 24 खेलों के 1427 बालक / बालिका खिलाड़ियों ने भाग लिया। श्री टी. निंगराज रेड्डी, वरिष्ठ प्रशिक्षक द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया।

# पहाड़ी पर निर्वस्त्र हालत में मिली प्रेमी जोड़े की लाश

विजय मत, राजनांदगांव



**राजनांदगांव।** तुमड़ीबोड क्षेत्र के महादेव पहाड़ी पर रविवार शाम को एक प्रेमी जोड़े का शव निर्वस्त्र मिलने से सनसनी फैल गई। युवक का शव पेड़ के सहारे फांसी के फंदे पर लटका हुआ पाया गया। वहीं उसके प्रेमिका का शव नीचे पड़ा हुआ था।

पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार रविवार शाम ग्राम माहुल झोपड़ी के महादेव पहाड़ी पर युवक तथा युवती का शव पाया गया। युवक का शव पेड के सहारे फांसी के फंदे पर लटका हुआ था। उसके शव के समीप ही एक युवती का शव पड़ा पाया गया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों का शव पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। सूत्रों का कहना है कि युवक का नाम मनीष सिन्हा 27 वर्ष निवासी ग्राम बीजेभांठा के रूप में हुई। वहीं मृतक युवती का नाम नीतू चंद्रवंशी 22 वर्ष निवासी ग्राम मारगांव के रूप में की गई है।

बताया जा रहा है कि दोनों का शव लगभग 4-5 दिन पुराना है। मृतकों के परिजनों ने कुछ दिन पूर्व उनकी गुमशुदगी की रिपोर्ट डोंगरगांव पुलिस में दर्ज कराई थी। सूत्रों का कहना है कि मृतक युवक का विवाह लगभग तीन माह पूर्व ही हुआ था।

# सहकारिता की राष्ट्रीय कार्यशाला में सहकारिता मंत्री केदार कश्यप हुए शामिल

विजय मत, रायपुर




केंद्रीय गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में भारत मण्डपम नई दिल्ली के सभागार में सभी राज्यों के सहकारिता मंत्री तथा सहकारिता विभाग के सचिवों की राष्ट्रीय कार्यशाला का आज आयोजन किया गया। छत्तीसगढ़ से सहकारिता मंत्री केदार कश्यप तथा सहकारिता सचिव डॉ. सी. आर. प्रसन्ना इस कार्यशाला में भाग लिए।

भारत सरकार के सहकार से समृद्धि की योजनाओं तथा कार्यक्रमों को सभी राज्यो के पैक्स सोसाइटियों, दुग्ध तथा वनोपज समितियों में लागू किया गया है। सभी पैक्स को कामन सर्विस सेंटर के रूप में विकसित किया जा रहा है।

छत्तीसगढ़ के सहकारिता मंत्री केदार कश्यप द्वारा इस राष्ट्रीय कार्यशाला में छत्तीसगढ़ में सहकार से समृद्धि की प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए कहा कि केंद्रीय मंत्री अमित शाह के छत्तीसगढ़ में 25 अगस्त 2025 को बैठक उपरांत 750 नवीन मत्स्य, दुग्ध तथा वनोपज समितियों का गठन किया जा चुका है। साथ ही 532 नवीन पैक्स का गठन प्रक्रियाधीन है।

एक लाख किसानों का कोआपरेटिव्ह बैंको में नवीन खाता खोला गया है। एक लाख केसीसी कार्ड जारी किया गया। छत्तीसगढ़ के 6 जिलों में आदिवासी परिवारों को गाय बांटने की कार्ययोजना तैयार की गई है। किसानों को राशि रुपये 7500 करोड़ का अल्पकालीन कृषि ऋण वितरित किया गया है।

धान विक्रय करने वाले किसानों को 2058 पैक्स सोसाइटी द्वारा माइक्रो एटीएम से राशि रुपये 145 करोड़ का भुगतान किया गया। छत्तीसगढ़ में 2028 पैक्स सोसायटियो का कम्प्यूटरीकरण व डिजिटलाइजेशन किया जा चुका है।

# राष्ट्रीय चिकित्सा दिवस पर भाजपा ने किया डॉक्टरों का सम्मान

विजय मत, रायपुर



राष्ट्रीय चिकित्सा दिवस पर भाजपा रायपुर जिलाध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर के नेतृत्व में लाखेनगर मंडल ने प्रसिद्ध हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ सुरेंद्र शुक्ला, डॉ रवि राठी, डॉ संदीप परिहार, डॉ लालवानी, डॉ जेपी विश्वकर्मा,सहित अन्य डॉक्टरों के हॉस्पिटल,क्लीनिक जाकर शाल श्रीफल पुष्प गुच्छ से सम्मान किया।

जिलाध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर ने कहा कि हर साल एक जुलाई को नेशनल डॉक्टर्स डे राष्ट्रीय चिकित्सा दिवस मनाया जाता है। ये दिन उन डॉक्टरों को समर्पित होता है जो हमारी सेहत का ध्यान रखते हैं। ये हमें नया जीवनदान देते हैं। साथ ही हमें बीमारियों से बचाने में मदद करते हैं। हल्का सा भी हम अगर बीमार पड़ते हैं तो तुरंत ही डॉक्टर के पास भागते हैं। यही कारण है कि डॉक्टर को भगवान का रूप कहा जाता है।

इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष अकबर अली लाखेनगर मंडल अध्यक्ष सचिन सिंघल की पूरी टोली पूर्व मंडल अध्यक्षद्वय महेश शर्मा, रामकिंकर सिंह, विकास अग्रवाल, रतिकांत साहू, भूषन साहू, रमेश पटले, दिगम्बर चौधरी, राजेश मिश्रा, विकास सिंह ठाकुर, लीलाध्वज ठाकुर उपस्थित हुए। डॉ सुरेंद्र शुक्ला को उनके सेवा भाव के लिए बहुत-बहुत साधुवाद एवं धन्यवाद दिए।

# उन्नत कृषि प्रोत्साहन योजना खाद, बीज के संकट से ध्यान भटकाने- दीपक बैज

## 3100 में धान की खरीदी नही करनी पड़े इसलिये सरकार नही चाहती किसान धान पैदा करें

विजय मत, रायपुर

खरीफ की फसल में दलहन, तिलहन की फसल लेने वाले किसानों को प्रोत्साहन राशि देने का निर्णय किसानों से नया धोखा है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि छत्तीसगढ़ के जलवायु के अनुसार धान की फसल लेना खरीफ में किसानों के लिये सबसे ज्यादा फायदे की खेती है। साय सरकार खरीफ के फसल के लिये बीज, खाद उपलब्ध नही करवा पा रही तो प्रोत्साहन योजना के तहत प्रलोभन दिया जार रहा ताकि किसान धान की फसल नही ले और सरकार को 3100 में धान नही खरीदना पड़े। पूरे प्रदेश में किसान बुवाई की प्रक्रिया शुरू कर चुके हैं, लेकिन प्रदेश में खाद और बीज की समुचित व्यवस्था यह



सरकार नहीं कर पाई है। प्रदेश के ज्यादातर सोसाइटी में किसानों को डीएपी की कमी से जूझना पड़ रहा है, ज्यादातर स्थानों पर बोनी और थरहा के लिए बीज भी किसानों को नहीं मिल पा रहा है, जिसके चलते किसान परेशान हैं।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि पर्याप्त मात्रा में डीएपी खाद की उपलब्धता नहीं होने से किसान परेशान हैं। यह सरकार नहीं चाहती कि किसान भरपूर उपज ले सके। बोनी के समय सबसे ज्यादा आवश्यकता डीएपी खाद और बीज की ही होती है, लेकिन इस सरकार का रवैया शुतुरमुर्ग की तरह है। खरीफ फसल की बुआई का समय चल रहा है लेकिन यह सरकार ना खाद के रेक की व्यवस्था कर पाई है, ना समुचित रूप से कही भंडारण की व्यवस्था है। छत्तीसगढ़ के किसानों की खाद के कुल आवश्यकता के मांग को केंद्र की मोदी सरकार ने खारिज करते हुए समुचित सप्लाई करने से मना कर दिया है, लेकिन दलीय चाटुकारिता में भाजपा के सांसद और प्रदेश की सरकार इस केंद सरकार के द्वारा छत्तीसगढ़ से भेदभाव और छत्तीसगढ़िया किसानों की उपेक्षा पर भी मौन है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन की सरकार के किसान विरोधी षडयंत्रों के चलते ही छत्तीसगढ़ नकली बीज, नकली दवा, नकली खाद और घटिया नैनो यूरिया को खपाने का अड्डा बन गया है।

बिजली बिल से मिली राहत, अब घर रोशन कर रहा सूरज — पीएम सूर्यघर योजना बनी वरदान

# भारी भरकम बिजली बिल के तनाव से मिली मुक्तिः अजय देवांगन

विजय मत, रायपुर



गर्मियों का मौसम आते ही बिजली के बिल आमजनों पर भारी पड़ते हैं। एसी, कूलर और पंखों के लगातार उपयोग से बिजली का खर्च आसमान छूने लगता है। लेकिन अब यही गर्मी कुछ लोगों के लिए राहत और संतोष लेकर आई है – और इसके पीछे है प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना, जिसने आम उपभोक्ताओं को बिजली उपभोक्ता से बिजली उत्पादक बना दिया है।

रायपुर के पं. दीनदयाल उपाध्याय नगर के निवासी श्री अजय देवांगन इस योजना के सफल उदाहरण हैं। उन्होंने अपने घर की छत पर 5-5 किलोवॉट के दो सोलर पैनल लगवाए हैं। इस सोलर सिस्टम पर उन्हें सरकार से ?78,000 की सब्सिडी मिली, जिससे लागत भी काफी कम हो गई। श्री देवांगन बताते हैं, पहले गर्मियों में हमारा बिजली बिल 35,000 से 40,000 रुपए तक आता था। लेकिन सोलर पैनल लगवाने के बाद अब यह बिल घटकर 8,000-9,000 हजार के बीच ही आ रहा है। इतना ही नहीं, उन्होंने यह भी साझा किया कि जनवरी 2025 में उनका बिजली बिल शून्य से भी कम आया। इसका मतलब था कि उनके सोलर सिस्टम ने इतनी बिजली उत्पन्न की, जो न केवल उनके घर की जरूरतों को पूरा कर पाई, बल्कि अतिरिक्त बिजली ग्रिड में देकर बिल में से पैसे की कटौती भी हो गई।

पहले हर महीने बिल देखकर तनाव होता था, कभी-कभी तो कहीं और से पैसे एडजस्ट करने पड़ते थे। लेकिन अब वह चिंता खत्म हो गई है, श्री देवांगन ने मुस्कुराते हुए कहा। अजय ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की इस दूरदर्शी योजना और मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि आज उनका परिवार ऊर्जा के मामले में आत्मनिर्भर बन चुका है।

श्री देवांगन ने अन्य लोगों से भी अपील की कि वे इस योजना का लाभ लें और न सिर्फ बिजली के बिल से राहत पाएं, बल्कि हरित ऊर्जा को भी बढ़ावा दें। पीएम सूर्यघर योजना आम नागरिकों को उनकी छतों पर सोलर पैनल लगाने के लिए सरकारी सब्सिडी के साथ प्रोत्साहित करती है। जिसके तहत भारी बिजली बिल से छुटकारा, अतिरिक्त बिजली बेचकर आमदनी, पर्यावरण के लिए मददगार साबित हो रही है। केंद्र और राज्य सरकार दोनों की भागीदारी से यह योजना आर्थिक रूप से किफायती और तकनीकी रूप से प्रभावी साबित हो रही है।

संस्थापक
श्री रामसिपाही शुक्ल

# ईरान ने स्वयंभू विश्व विजेताओं को दिखाया आईना

मध्य एशिया में मंडरा रहे युद्ध के बादल फ़िलहाल छंटते हुये नज़र आ रहे हैं। 13 जून को इस्राईल ने ईरान पर अचानक बड़ा हमला कर दिया था। इन हमलों में ईरान के उच्चस्तरीय 20 कमांडर और परमाणु वैज्ञानिक मारे गए थे। इसके बाद ईरान ने जवाबी कार्रवाइयां कीं। दोनों ओर से ड्रोन व मिसाइल की बौछार 12 दिनों तक होती रही। इस्राईल के इतिहास में यह पहला मौक़ा था जब ईरान जैसे किसी देश ने धोखे से किये गये उसके हमलों का ऐसा मुंहतोड़ जवाब दिया जिसकी इस्राईल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू या इस्राईल की जनता ने भी कभी कल्पना नहीं की होगी। इस्राईल बनाम ईरान संघर्ष में इस्राईल के वजूद से सम्बंधित कुछ बातें कभी भी नज़रअंदाज़ नहीं की जा सकतीं। जर्मन तानाशाह एडोल्फ़ हिटलर के उत्पीड़न के बाद यहूदी मुख्य रूप से 1930 के दशक से 1940 के दशक के बीच फ़िलिस्तीनियों की अनुकम्पा से यहाँ बसने लगे। इस दौरान, लगभग 2,50,000 यहूदी फ़िलिस्तीन पहुंचे थे । द्वितीय विश्व युद्ध 1939-1945 के बाद, विशेष रूप से होलोकॉस्ट के बाद, 1945 से 1948 तक यहूदी प्रवास फिर से बढ़ा, और 1948 में इस्राईल की स्थापना के साथ यह प्रक्रिया और भी तेज़ हो गयी। चूँकि इस्राईल को अरब के इस क्षेत्र में बसाने में पश्चिमी देशों ख़ासकर अमेरिका व ब्रिटेन की दूरगामी सोच काम कर रही थी इसलिये इन देशों ने इसे भरपूर समर्थन देकर न केवल इनके फलने फूलने में इस्राईल की पूरी मदद की बल्कि क़ब्ज़े की इस ज़मीन पर अपने विस्तार के लिये की जाने वाली हिंसक कार्रवाइयों में भी हमेशा इनके साथ रहे। इसी अमेरिकी समर्थन का नतीजा है कि इस्राईल गत दो वर्षों में ग़ज़ा के लगभग 80 हज़ार बेगुनाह व निहत्थे लोगों को मार चुका है।और उसकी बर्बरतापूर्ण कार्रवाई अभी भी जारी है। दूसरी तरफ़ वह ईरान है जो पश्चिमी देशों की बांटो और राज करो की नीति का शिकार होकर ऑर्गनाइज़ेशन ऑफ़ इस्लामिक कोऑपरेशन के 57 सदस्य देश होने के बावजूद पश्चिमी साज़िश के तहत केवल शिया-सुन्नी मतभेद के नाम पर हमेशा अलग थलग किया जाता रहा।

## नोट

सम्पादकीय पृष्ठ पर प्रकाशित लेख-आलेख एवं विचार लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं अतः यह जरूरी नहीं है कि विजय मत समूह उपरोक्त लेख या विचारों से सहमत हो। किसी लेख से जुड़े सभी दावे या आपत्ति के लिए सिर्फ लेखक ही जिम्मेदार हैं।

# मध्यप्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान जल संरक्षण की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम

**हर्षवर्धन पान्डे**

मध्यप्रदेश सरकार ने जल गंगा संवर्धन अभियान की शुरुआत की जो जल संरक्षण और संवर्धन के लिए एक जन आंदोलन बन चुका है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में जल गंगा संवर्धन अभियान मध्यप्रदेश में जल संरक्षण के संकल्प के लिये जन-सहभागिता जुटाने में मील का पत्थर साबित हुआ है। मध्यप्रदेश सरकार ने इस अभियान को एक व्यापक और समयबद्ध मिशन के रूप में शुरू किया। 30 मार्च 2025 को उज्जैन में पवित्र क्षिप्रा नदी के तट पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जल देवता वरुण के पूजन और जलाभिषेक के साथ इसकी शुरुआत की। यह अभियान 30 जून 2025 तक चला, जिसमें 90 दिनों की अवधि में जल संरक्षण के लिए युद्धस्तर पर कार्य किए गए। इसके अतिरिक्त विश्व पर्यावरण दिवस से गंगा दशहरा तक विशेष रूप से जल स्रोतों की सफाई और पुनर्जनन पर ध्यान केंद्रित किया गया। पुरानी बावड़ियों, कुओं और तालाबों को अतिक्रमण से मुक्त कराकर उनका दस्तावेजीकरण और सौंदर्यीकरण किया गया।नदियों, तालाबों और कुओं की सफाई के लिए व्यापक अभियान चलाया गया। विशेष रूप से, खंडवा जिले में नर्मदा की सहायक नदी घोड़ा पछाड़ का सफल पुनरुद्धार किया गया।नर्मदा नदी से लगे शहरी क्षेत्र में घाटों की मरम्मत और सफाई कार्य को प्राथमिकता दी गई। नगरीय निकायों में 3300 से अधिक जल स्रोतों को पुनर्जीवन दिया गया। नगरीय क्षेत्र के 2200 नालों की सफाई और पुर्नसंचालन की क्षमता विकसित की गई। प्रदेश में 4 हजार वर्षा जल संचयन संरचनाएं तैयार की गई। प्रदेश के प्रमुख नगरों में 32 अमृत जल संरचनाएं एवं 38 हरित क्षेत्र कार्य पूर्ण किये गये। नगरीय निकायों के कर्मियों ने शहरी क्षेत्रों में जल गुणवत्ता का परीक्षण फिजिकल, केमिकल और बायोलॉजिकल मानकों पर किया गया। मार्च 2025 से शुरू हुए अभियान में गर्मी के मौसम को देखते हुए नगरीय क्षेत्रों में 2700 सार्वजनिक प्याऊ और जल केन्द्रों की व्यवस्था की गई।



स्वच्छ भारत मिशन-2.0 के तहत जल संरचनाओं में मिलने वाले गंदे पानी के नालों को डायवर्जन के बाद शोधित करने की योजना लागू की गई। मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सर्वेक्षण के अनुसार, 450 मिलियन लीटर घरेलू अपशिष्ट जल नदियों में प्रवाहित होता है। इसे रोकने के लिए 869 मिलियन लीटर प्रतिदिन की क्षमता वाले सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट्स स्थापित किए जा रहे हैं। मध्य प्रदेश राज्य रोजगार गारंटी परिषद द्वारा जारी नवीनतम राज्य स्तरीय प्रदर्शन डैशबोर्ड के आकलन के अनुसार खंडवा मध्य प्रदेश में पहले स्थान पर है। इससे पूर्व केन्द्रीय एजेंसी ने जल संरक्षण कार्यों के लिए खंडवा को देश का शीर्ष जिला घोषित किया है। इस सूची में मध्यप्रदेश को चौथा स्थान मिला है।

खेत-तालाब निर्माण का लक्ष्य 77,940 तय किया गया था लेकिन प्रदेश में 79,815 खेत-तालाबों का निर्माण हो रहा है, जो शत प्रतिशत से भी अधिक है। अभियान की अवधि में प्रतिदिन औसतन 1,078 खेत-तालाबों के निर्माण का प्रारंभ किया जा रहा है। डगवेल रिचार्ज संरचनाओं के लिये 1,03,900 के लक्ष्य में से 1,00,321 संरचनाओं का निर्माण जारी है जो लक्ष्य का 96.56त्र है. प्रदेश में प्रतिदिन औसतन 1,355 डगवेल निर्माण शुरू किया जा रहा है। अमृत सरोवर लक्ष्य 992 के मुकाबले 1,254 निर्मित किये जा रहे हैं। माय भारत पोर्टल पर जलदूत पंजीयन का लक्ष्य 1,62,400 तय किया गया था जबकि 2,30,749 स्वयंसेवकों का पंजीकरण किया जा चुका है जो लक्ष्य काफी अधिक है।

जल स्रोतों के आसपास ग्रीन बेल्ट विकसित करने के लिए 5.5 करोड़ पौधों का रोपण लक्ष्य रखा गया जिसमें जनभागीदारी को प्रोत्साहित किया गया।तालाब गहरीकरण के दौरान निकली मिट्टी को किसानों को उपलब्ध कराया गया, जिससे प्राकृतिक संसाधनों का बेहतर उपयोग हुआ। मनरेगा परिषद द्वारा इसरो और एमपीएसईडीसी के सहयोग से विकसित यह जीआईएस-आधारित सॉफ्टवेयर जल संरचनाओं के लिए उपयुक्त स्थलों की सटीक पहचान करता है। इसके माध्यम से 76,000 खेत तालाबों के लिए स्थल चयन किया गया। यह तकनीक अन्य राज्यों जैसे बिहार, राजस्थान और महाराष्ट्र के लिए भी प्रेरणा स्रोत बनी।अभियान में 70 हजार से अधिक नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित की गई। शहर के विभिन्न क्षेत्रों में 341 कलश यात्राएं नगर के प्रमुख मार्गों से निकाली गईं। इनमें महिलाओं की भागीदारी प्रमुख रही। अभियान से जुड़े 1000 जल नायक और जल मित्रों का माय भारत पोर्टल पर पंजीयन किया गया। बच्चों और युवाओं में पानी की बचत, पेयजल स्रोतों के आस-पास सफाई और स्वच्छ पर्यावरण की भावना को मजबूत करने के लिये रंगोली, चित्रकला और निबंध प्रतियोगिताएं हुई। नगरीय क्षेत्रों में व्यापक पौधरोपण की शुरूआत भी की गई। शहरी क्षेत्रों में पर्यावरण संरक्षण के लिये वृक्षारोपण के माध्यम से कार्बन उत्सर्जन नियंत्रण की योजना भी तैयार की गई है। नगर परिषद कटंगी जबलपुर के वार्ड-12 में 100 वर्ष पुरानी बावड़ी में सफाई अभियान चलाया गया। इंदौर के कनाड़ियां में 300 वर्ष पुरानी ऐतिहासिक माता अहिल्या बावड़ी के जीर्णोद्धार का कार्य जनभागीदारी से किया गया। देवास जिले के बागली की हाथी बावड़ी की साफ-सफाई और सौंदर्यीकरण का कार्य किया गया। नगर परिषद बिजावर मे बावड़ी का जीर्णोद्धार कर नया स्वरूप प्रदान किया गया। रतलाम में नगर निगम ने महालक्ष्मी मंदिर के सामने स्थित बावड़ी की साफ-सफाई नागरिकों की भगीदारी से पूरी की। छतरपुर के घुवारा में जर्जर हालत में पहुंच चुकी बावड़ी का सौंदर्यीकरण कर नया स्वरूप प्रदान किया गया।अभियान में 1 लाख जलदूत तैयार करने का लक्ष्य रखा गया, जिसमें प्रत्येक गांव से 2-3 महिला-पुरुषों को शामिल किया गया। ये जलदूत जल संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने और स्थानीय स्तर पर कार्यों को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और कर्मचारियों की सक्रिय भागीदारी से यह अभियान एक जन आंदोलन बन गया।

(यह लेखक के निजी विचार हैं)- साभार

> “ जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों को अंजाम दिया गया, जो प्रदेश में 31,800 से अधिक खेत तालाबों का निर्माण किया गया, जिसमें बालाघाट जिला 561 तालाबों के साथ शीर्ष पर रहा। ये तालाब वर्षा जल संचयन और सिंचाई के लिए महत्वपूर्ण हैं।932 अमृत सरोवरों का संरक्षण और संवर्धन किया गया, और सरकार का लक्ष्य 1,000 सरोवरों को पूरा करना है। सिवनी जिले में इस दिशा में उल्लेखनीय कार्य हुआ। भूजल स्तर बढ़ाने के लिए तालाबों और कुओं का गहरीकरण, नाला विस्तारीकरण, चेकडैम निर्माण और सोकपिट रेट्रोफिटिंग जैसे कार्य किए गए। ”

# मध्यम वर्गीय परिवार नहीं फंसे ऋण के जाल में

**प्रहलाद सबनानी**

हाल ही में भारतीय रिजर्व बैंक ने रेपो दर में 50 आधार बिंदुओं की कमी की है। इसके साथ ही, निजी क्षेत्र के बैंकों, सरकारी क्षेत्र के बैंकों एवं क्रेडिट कार्ड कम्पनियों सहित अन्य वित्तीय संस्थानों ने भी अपने ग्राहकों को प्रदान की जा रही ऋणराशि पर लागू ब्याज दरों में कमी की घोषणा करना प्रारम्भ कर दिया है ताकि भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा रेपो दर में की गई कमी का लाभ शीघ्र ही भारत में ऋणदाताओं तक पहुंच सके एवं इससे अंततः देश की अर्थव्यवस्था को बल मिल सके। भारत में चूंकि अब मुद्रा स्फीति की दर नियंत्रण में आ गई है, अतः आगे आने वाले समय में भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा रेपो दर में और अधिक कमी की जा सकती है। इस प्रकार, बहुत सम्भव है ऋणराशि पर लागू ब्याज दरों में कमी के बाद कई नागरिक जिन्होंने पूर्व में कभी बैंकों से ऋण नहीं लिया है, वे भी ऋण लेने का प्रयास करें। बैंक से ऋण लेने से पूर्व इस बात का ध्यान रखना आवश्यक है कि इस ऋण को चुकता करने की क्षमता भी ऋणदाता में होनी चाहिए अर्थात ऋणदाता की पर्याप्त मासिक आय होनी चाहिए ताकि बैकों द्वारा प्रदत्त ऋण की किश्त एवं ब्याज का भुगतान पूर्व निर्धारित समय सीमा के अंदर किया जा सके। इस संदर्भ में विशेष रूप से युवा ऋणदाताओं द्वारा क्रेडिट कार्ड के उपयोग पश्चात संबंधित राशि का भुगतान समय सीमा के अंदर अवश्य करना चाहिए क्योंकि अन्यथा क्रेडिट कार्ड एजेंसी द्वारा चूक की गई राशि पर भारी मात्रा में ब्याज वसूला जाता है, जिससे युवा ऋणदाता ऋण के जाल में फंस जाते हैं। अतः बैंकों से ली जाने वाली ऋणराशि एवं क्रेडिट कार्ड के विरुद्ध उपयोग की जाने वाली राशि का समय पर भुगतान करने के प्रति ऋणदाताओं को सजग रहने की आवश्यकता है।



कुल मिलाकर यह ऋणदाताओं के हित में है कि वे बैंक से लिए जाने वाले ऋण की राशि तथा ब्याज की राशि एवं क्रेडिट कार्ड के विरुद्ध उपयोग की जाने वाली राशि का पूर्व निर्धारित एवं उचित समय सीमा के अंदर भुगतान करें क्योंकि अन्यथा की स्थिति में उस चूककर्ता नागरिक की क्रेडिट रेटिंग पर विपरीत प्रभाव पड़ता है एवं आगे आने वाले समय में उसे किसी भी वित्तीय संस्थान से ऋण प्राप्त करने में कठिनाई का सामना करना पड़ सकता है एवं बहुत सम्भव है कि भविष्य में उसे किसी भी वित्तीय संस्थान से ऋण प्राप्त ही न हो सके।

ऋणदाता यदि किसी प्रामाणिक कारणवश अपनी किश्त एवं ब्याज का बैंकों अथवा क्रेडिट कार्ड कम्पनी को समय पर भुगतान नहीं कर पाता है और उसका ऋण खाता यदि गैर निष्पादनकारी आस्ति में परिवर्तित हो जाता है तो इस संदर्भ में चूककर्ता ऋणदाता द्वारा बैकों को समझौता प्रस्ताव दिए जाने का प्रावधान भी है। इस समझौता प्रस्ताव के माध्यम से चूककर्ता ऋणदाता द्वारा सम्बंधित बैंक अथवा क्रेडिट कार्ड कम्पनी को मासिक किश्त एवं ब्याज की राशि को पुनर्निर्धारित किए जाने के सम्बंध में निवेदन किया जा सकता है। परंतु, यदि ऋणदाता ऋण की पूरी राशि, ब्याज सहित, अदा करने में सक्षम नहीं है तो चूक की गई राशि में से कुछ राशि की छूट प्राप्त करने एवं शेष राशि को एकमुश्त अथवा किश्तों में अदा करने के सम्बंध में भी समझौता प्रस्ताव दे सकता है। ऋण की राशि अथवा ब्याज की राशि के सम्बंध के प्राप्त की गई छूट की राशि का रिकार्ड बनता है एवं समझौता प्रस्ताव के अंतर्गत प्राप्त छूट के चलते भविष्य में उस ऋणदाता को बैकों से ऋण प्राप्त करने में कठिनाई का सामना करना पड़ सकता है, इस बात का ध्यान चूककर्ता ऋणदाता को रखना चाहिए। अतः जहां तक सम्भव को ऋणदाता द्वारा समझौता प्रस्ताव से भी बचा जाना चाहिए एवं अपनी ऋण की निर्धारित किश्तों एवं ब्याज का निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत भुगतान करना ही सबसे अच्छा रास्ता अथवा विकल्प है।

भारत में तेज गति से हो रही आर्थिक प्रगति के चलते मध्यमवर्गीय नागरिकों की संख्या भी तेजी से बढ़ रही है, जिनके द्वारा चार पहिया वाहनों, स्कूटर, फ्रिज, टीवी, वॉशिंग मशीन एवं मकान आदि आस्तियों को खरीदने हेतु बैकों अथवा अन्य वित्तीय संस्थानों से ऋण लिया जा रहा है। कई बार मध्यमवर्गीय परिवार एक दूसरे की देखा देखी आपस में होड़ करते हुए भी कई उत्पादों को खरीदने का प्रयास करते हुए दिखाई देते हैं, चाहे उस उत्पाद विशेष की आवश्यकता हो अथवा नहीं। उदाहरण के लिए एक पड़ौसी ने यदि अपने चार पहिया वाहन का एकदम नया मॉडल खरीदा है तो जिस पड़ौसी के पास पूर्व में ही चार पहिया वाहन उपलब्ध है वह पुराने मॉडल के वाहन को बेचकर पड़ौसी द्वारा खरीदे गए नए मॉडल के चार पहिया वाहन को खरीदने का प्रयास करता है और बैंक के ऋण के जाल में फंस जाता है। यह नव धनाडय वर्ग यदि बैक से लिए गए ऋण की किश्त एवं ब्याज की राशि का निर्धारित समय सीमा के अंदर भुगतान नहीं कर पाता है तो उस नागरिक विशेष के वित्तीय रिकार्ड पर धब्बा लग सकता है जिससे उसके लिए उसके शेष जीवन में बैकों एवं अन्य वित्तीय संस्थानों से पुनः ऋण लेने में कठिनाई आ सकती है। अतः बैकों से ऋण प्राप्त करने वाले नागरिकों को ऋण की किश्त का समय पर भुगतना करना स्वयं उनके हित में हैं, ताकि भारत में तेज हो रही आर्थिक प्रगति का लाभ आगे आने वाले समय में भी समस्त नागरिक ले सकें। भारत में तो यह कहा भी जाता है कि जिसके पास जितनी चादर हो, उतने ही पैर पसारने चाहिए।

(यह लेखक के निजी विचार हैं)- साभार

> “ बैंकों से लिए गए ऋण की मासिक किश्त एवं इस ऋणराशि पर ब्याज का भुगतान यदि निर्धारित समय सीमा के अंदर नहीं किया जाता है तो चूककर्ता ऋणदाता से बैंकों द्वारा दंडात्मक ब्याज की वसूली की जाती है। इसी प्रकार, कई नागरिक जो क्रेडिट कार्ड का उपयोग करते हैं एवं इस क्रेडिट कार्ड के विरुद्ध उपयोग की गई राशि का भुगतान यदि वे निर्धारित समय सीमा के अंदर नहीं कर पाते हैं तो इस राशि पर चूक किए गए क्रेडिट कार्ड धारकों से भारी भरकम ब्याज की दर से दंड वसूला जाता है। कभी कभी तो दंड की यह दर 18 प्रतिशत से 24 प्रतिशत के बीच रहती है। क्रेडिट कार्ड का उपयोग करने वाले नागरिक कई बार इस उच्च ब्याज दर पर वसूली जाने वाली दंड की राशि से अनभिज्ञ रहते हैं। ”

# टीएमसी नेताओं की निर्लज्ज टिप्पणियों से उठा विवाद

**ललित गर्ग**

कोलकत्ता में कानून की एक छात्रा से सामूहिक दुराचार-गैंगरेप का मुद्दा एक बार फिर पश्चिम बंगाल में जितना बड़ा राजनीतिक मुद्दा बनने लगा है उतना ही बड़ा नारी उत्पीड़न का मुद्दा बनकर उभर रहा है। इस मामले में पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ पार्टी तृणमूल कांग्रेस के दो वरिष्ठ नेताओं की अनर्गल एवं निर्लज्ज टिप्पणी स्त्री की मर्यादा, सम्मान एवं अस्मिता के खिलाफ शर्मनाक, दुर्भाग्यपूर्ण व संवेदनहीन प्रतिक्रिया है। इन नेताओं ने गैंगरेप मामले पर विवादित बयान से राज्य एवं देश में भारी जनाक्रोश पैदा हो गया था। विशेषतः राजनेताओं के बयानों एवं सोच में एक बार फिर शर्मनाक ढंग से पीड़िता पर दोष मढ़ने की बेशर्म कोशिश की गई है। इस मामले में सत्तारूढ़ टीएमसी पार्टी अन्दर एवं बाहर दोनों मोर्चों पर घिरती हुई नजर आ रही है। जहां इस मामले में पार्टी के अन्दर गुटबाजी एक बार फिर सामने आयी है, वहीं भाजपा आक्रामक रूप से ममता सरकार को घेर रही है। टीएमसी की महिला नेत्री महुआ मोइत्रा टीएमसी नेताओं कल्याण बनर्जी और मदन मित्रा के उन बयानों पर निराशा व्यक्त करते हुए स्पष्ट किया है कि इन राजनेताओं के बयान में स्त्री-द्वेष पार्टी लाइन से परे है। यह एक बदतर स्थिति है कि जिस पार्टी के नेताओं ने ये दुर्भाग्यपूर्ण बयान दिए हैं, उस पार्टी की सुप्रीमो एक महिला ही है। यह स्थिति दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि ममता बनर्जी जैसी तेजतर्रार मुख्यमंत्री के शासन और नेतृत्व के वर्षों के दौरान टीएमसी के भीतर नारी सम्मान एवं अस्मिता को लेकर संवेदनशीलता लाने और मानसिकता में बदलाव लाने के प्रयास विफल होते नजर आ रहे हैं। अकसर महिलाएं और महिला राजनेता पुरुष नेताओं के हाथों अश्लील, अभद्र और तौहीन भरी टिप्पणओं की शिकार होती रही हैं। ऐसे बयानों के बावजूद अकसर ये राजनेता किसी कठोर कार्रवाई की बजाय हल्की फुल्की फ़टकार के बाद बच निकलते हैं। ये बयान कभी महिलाओं की बॉडी शेमिंग करते नज़र आते हैं तो कभी बलात्कार जैसे गंभीर अपराध को मामूली बताने की कोशिश करते हुए नजर आते हैं। इसके साथ ही ये चिन्ताजनक संदेश भी जाता है कि महिलाओं के बारे में हल्के और आपत्तिजनक बयान देना विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं के लिये सामान्य बात है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं) -साभार

## शब्द पहेली - 8415

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | | 4 | | | |
| | | | | | | | 5 | |
| 6 | | | | | | | 8 | 9 |
| | | 10 | | | 11 | 12 | | |
| 13 | | | | | | 14 | | |
| | | 15 | 16 | | 17 | | | |
| 18 | 19 | | 20 | | | | 21 | |
| | | | | | | | | |
| | | 22 | | | | | | |

**बाएँ से दाएँ**

1. कृष्ण का एक नाम-4,3
6. धन,संपत्ति-2
7. इस युवती को बयान बदलने पर जेल की सजा हुई है-3
8. विजय,फतह-2
10. आम जनता,लोग-2
11. लाभ,कुल योग-2
13. निर्माण,कृति-3
14. उत्तर-3
15. नष्ट,विनाश-2
17. रुस्तमे हिंद का सिर्फ नाम-2
18. तह,अस्तर-2
20. राजी होना-3
21. अवरोध,रुकावट-2
22. आतंक फैलना-4,3

**ऊपर से नीचे**

2. भिड़ंत,मुठभेड़-3
3. इस्लामी महीना-4
4. हाथी,गज-4
5. न्यायाधीश-2
6. जोरदार-5
9. लालसी,आकांक्षी, पिपासु-5
10. स्त्रीत्वपूर्ण,स्त्रीय-3
12. वृतांत,घटना-3
16. हल,निष्कर्ष-4
17. राशन,भोजन-4
19. घोड़ा गाड़ी-2
21. रुकावट,अवरोध-3

### शब्द पहेली -8414 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | प | ना | प | न | ■ | प | क | ना |
| रा | ल | ■ | त | ■ | ख | स | म | ■ |
| ज | ■ | का | न | न | ■ | ■ | जो | श |
| क | ह | र | ■ | क | र | ता | र | ■ |
| ता | ■ | ग | ■ | छे | ■ | र | ■ | फ |
| ■ | ब | र | ग | द | ■ | ता | मी | र |
| द | गा | ■ | ■ | न | ज | र | ■ | मा |
| ■ | व | त | न | ■ | ह | ■ | पा | ई |
| फ | त | ह | ■ | स | र | फ | रो | श |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## दैनिक पंचांग

**2 जुलाई 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मिथुन में | कर्क | 06.25 बजे से |
| चंद्र | कन्या में | सिंह | 08.41 बजे से |
| मंगल | सिंह में | कन्या | 10.53 बजे से |
| बुध | कर्क में | तुला | 13.04 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | वृश्चिक | 15.18 ब.से |
| शुक्र | वृष में | धनु | 17.34 बजे से |
| शनि | मीन में | मकर | 19.39 बजे से |
| राहु | कुंभ में | कुंभ | 21.26 बजे से |
| केतु | सिंह में | मीन | 22.59 बजे से |
| राहुकाल | | मेष | 00.29 बजे से |
| 12.00 से 1.30 | | वृष | 02.09 बजे से |
| बजे तक | | मिथुन | 04.07 बजे से |

**बुधवार** 2025 वर्ष का 183 वा दिन
**दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** वर्षा।
**विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947
**मास** आषाढ़ **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** सप्तमी 11.59 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** उत्तराफाल्गुनी 11.08 बजे को समाप्त।
**योग** वरीयान 17.47 बजे को समाप्त।
**करण** वणिज 11.59 बजे तदनन्तर विष्टि 01.00 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 06.6 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 23° 02'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872393
**जूलियन दिन** 2460858.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2551
**हिजरी सन्** 1446
**महीना** मोहर्रम
**तारीख** 06

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| लाभ | 05.54 से | 07.22 बजे तक | उद्वेग | 05.41 से | 07.12 बजे तक |
| अमृत | 07.22 से | 08.51 बजे तक | शुभ | 07.12 से | 08.44 बजे तक |
| काल | 08.15 से | 10.19 बजे तक | अमृत | 08.44 से | 10.16 बजे तक |
| शुभ | 10.19 से | 11.47 बजे तक | चर | 10.16 से | 11.47 बजे तक |
| रोग | 11.47 से | 01.16 बजे तक | रोग | 11.47 से | 01.19 बजे तक |
| उद्वेग | 01.16 से | 02.44 बजे तक | काल | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| चर | 02.44 से | 04.12 बजे तक | लाभ | 02.51 से | 04.23 बजे तक |
| लाभ | 04.12 से | 05.41 बजे तक | उद्वेग | 04.23 से | 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## सार समाचार

### कृषि स्थायी समिति की बैठक चार को

**उत्तर बस्तर कांकेर।** जिला पंचायत कृषि स्थायी समिति के सभापति दिपंकर राय की अध्यक्षता में 04 जुलाई को प्रातः 11.30 बजे से उप संचालक कृषि कार्यालय कांकेर के सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई है। उक्त बैठक में संबंधित अधिकारियों को निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होने कहा गया है।

### डीएमएफ शासी परिषद की बैठक आज

**बिलासपुर।** जिला खनिज संस्थान न्यास की शासी परिषद की बैठक कल 2 जुलाई को दोपहर 12 बजे जिला कार्यालय के मंथन सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक की अध्यक्षता शासी परिषद के अध्यक्ष एवं कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल करेंगे। बैठक में वर्ष 2025-26 की नवीन वार्षिक कार्य-योजना का अनुमोदन किया जायेगा। कलेक्टर ने सभी संबंधित अधिकारियों को पूरी तैयारी के साथ बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं।

### साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक सम्पन्न

**दंतेवाड़ा।** कलेक्टोरेट कार्यालय के तृतीय तल सभा कक्ष में कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत की अध्यक्षता में आज साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक आहूत की गई। बैठक में कलेक्टर ने सर्वप्रथम जिला स्तर पर कर्मचारियों के स्थानांतरण के संबंध में कहा कि विभाग प्रमुख उनके विभाग से स्थानांतरित हुए कर्मचारियों को तीन दिवस के भीतर तत्काल रिलीव करें। इसमें किसी भी प्रकार का विलंब नहीं होना चाहिए। इसके अलावा उन्होंने एलडब्ल्यूई एंट्री के तहत संतृप्तिकरण के संबंध में जानकारी लेते हुए कहा कि इसके तहत विभागों द्वारा दिए गए डेटा के ऑफलाइन एवं पोर्टल की एंट्री में किसी भी प्रकार का विरोधाभास नहीं होना चाहिए। क्योंकि इसकी मॉनिटरिंग राज्य एवं केन्द्र स्तर पर की जाती है और आंकड़ों में किसी भी प्रकार का अंतर को स्वीकार्य नहीं किया जाता। इसके लिए समस्त विभाग सावधानी बरतें। इस क्रम में उन्होंने नोनी एवं जननी सुरक्षा योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना, विश्वकर्मा योजना, टीकाकरण से जुड़े विभिन्न विभागों को डाटा एंट्री में प्रगति लाने को कहा। इसके अलावा उन्होंने नियद नेल्लानार ग्रामों में चल रहे रोड सड़क निर्माण तथा ग्रिड से विद्युतीकृत घरों के संबंध में भी इसकी साप्ताहिक प्रगति के संबंध में विभाग प्रमुखों से जवाब मांगा।

### जिले में 204.5 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज

**रायगढ़।** चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 1 जुलाई तक 204.5 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 16.6 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 148.4 मिली मीटर, पुसौर में 220.3, खरसिया में 155, घरघोड़ा में 236.5, तमनार में 110.7, लैलूंगा में 214.4, मुकडेगा में 264.8, धरमजयगढ़ में 196.7, छाल में 171.1 एवं कापू में 326 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### कलेक्टर ने सुनी लोगों की समस्याएं, अधिकारियों को समस्याओं का संवेदनशीलता से निराकरण करने दिए निर्देश

**बिलासपुर।** कलेक्टर संजय अग्रवाल ने आज साप्ताहिक जनदर्शन में दूर-दराज से आये लोगों की समस्याएं सुनी। कलेक्टर ने सभी की समस्याओं को इत्मीनान से सुना। निराकरण योग्य आवेदनों का मौके पर ही संबंधित अधिकारियों द्वारा निराकरण किया गया। साप्ताहिक जनदर्शन में लोगों ने कलेक्टर से मुलाकात कर अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए। कलेक्टर ने त्वरित निराकरण के लिए विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए। साप्ताहिक जनदर्शन में आज सीपत तहसील के ग्राम देवरी के किसानों ने खेतों तक पहुंचने वाले रास्ते पर आहाता निर्माण को राकने और रास्ता दिलाने संबंधी आवेदन दिया। उन्होंने बताया कि एनटीपीसी द्वारा खेतों तक जाने वाले रास्ते पर आहाता निर्माण होने से ट्रेक्टर के आने-जाने हेतु रास्ता बंद हो गया है। कलेक्टर ने आवेदन एसडीएम मस्तूरी को भेजते हुए आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। मस्तूरी विकासखंड के ग्राम किरारी निवासी दिव्यांग रमेश कुमार लाश्कर एवं ग्राम सरगवां निवासी दिव्यांग पुरानिक राम मनहर द्वारा अपने-अपने मोटराइज्ड ट्राइसिकल में बैटरी लगवाने संबंधी आवेदन दिए। उन्होंने बताया कि ट्राइसिकल से उन्हें बहुत सुविधा होती थी परन्तु बैटरी खराब होने से असुविधा हो रही है। कलेक्टर ने आवेदन समाज कल्याण विभाग के उप संचालक को भेजते हुए आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए।

---

कृषको को उन्नत किस्म के बीज का वितरण

# राष्ट्रीय तिलहन मिशन अंतर्गत सोयाबीन समूह प्रदर्शन

**विजय मत, कवर्धा**

कृषि विज्ञान केन्द्र कवर्धा द्वारा सोयाबीन की उन्नत कास्त तकनीक विषय पर कृषक संगोष्ठी सह आदान सामाग्री वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मे जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि लोकचंद साहु एवं जनपद पंचयात बोड़ला के कृषि स्थाई समिति के सभापति नरेश साहु ने कृषको को आदान सामाग्री का वितरण किया। भारत तिलहन का सबसे बड़ा उत्पादक है, लेकिन खाद्य तेलों का घरेलू उत्पादन देश में खाद्य तेलों की बढ़ती मांग के साथ तालमेल नही रखता है। इससे खाद्य तेलों के आयात में पर्याप्त वृद्धि हुई है। इस लिए भारत में तिलहन के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय विभाग द्वारा देश के विभिन्न राज्यों में तिलहन को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वाकांक्षी परियोजना राष्ट्रीय खाद्य तेल मिशन-



तिलहन अंतर्गत समूह अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन का आयोजन किया जा रहा है। इस परियोजना अंतर्गत कबीरधाम जिले को लगभग 98 हेक्टेयर में सोयाबीन फसल का प्रदर्शन का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। यह प्रदर्शन विकासखण्ड बोड़ला के ग्राम कांपा एवं विकासखण्ड स. लोहारा के ग्राम रमपुरा में लिया जा रहा है। जिसमें कृषकों को योजना के दिशा-निदेर्शानुसार उन्नत किस्म के प्रमाणित बीज जो 5 वर्ष के अंदर के अवधि का बीज सोयाबीन किस्म त्टै 2011.35 में बीजोपचार हेतु पी.एस.बी., राइजोबियम कल्चर कृषकों को वितरण किया गया। प्रदर्शन पूर्व कृषकों को संगोष्ठी के माध्यम से सोयाबीन की वैज्ञानिक पद्धति की संपूर्ण जानकारी दी गई। जिसके तहत कृषि विज्ञान केन्द्र, कवर्धा के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रममुख, डॉ. बी.पी. त्रिपाठी द्वारा तिलहन उत्पादक किसानों को कृषकों को 2-3 वर्ष के अंतराल में मिट्टी पलटने वाले हल से खेत की गहरी जुताई करने एवं बीज उपचार करने के पश्चात ही बुआई करने की सलाह दी गई एवं किसानों को बुवाई पद्धति में चैड़ी क्यारी पद्धति एवं सीड ड्रील से बुवाई हेतु प्रेरित किया गया। बुवाई पूर्व बीजोपचार हेतु सोयाबीन में 3ग्राम प्रति किलो बीज की दर से फफूंदीनाशक एंव 10 ग्राम प्रति किलो बीज की दर से थायोमिथाक्सम से उपचारित करने के पश्चात 5-10 ग्राम प्रति किलो बीज की दर से पीएसबी एवं राइजोबियम कल्चर से बीज उपचार करना चाहिए।

**योजना कि शुरूआत के पूर्व कृषकों के प्रक्षेत्र क**

योजना कि शुरूआत के पूर्व कृषकों के प्रक्षेत्र का चयन तथा मृदा का संग्रहण किया गया। कृषकों को मृदा परीक्षण अनुसार अनुशंसित मात्रा में उर्वरको के उपयोग की सलाह दी गई। तिलहन फसलों में गंधक तत्व का महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। कृषकों को सलाह दी गई की वे डी.ए.पी. के स्थान पर सिंगल सुपर फास्फेट (राखर) खाद का उपयोग करना चाहिए जिससे स्फुर के साथ-साथ कैल्शियम एवं सल्फर की अतिरिक्त की आपूर्ति होती है। कृषकों को सोयाबीन में प्रति एकड़ 125 किलोग्राम सिंगल सुपर फास्फेट (राखर) एवं 8 किलोग्राम यूरिया तथा 13 किलोग्राम पोटाश बुआई के समय उपयोग करने की सलाह दी गई। पोटाश उपयोग करने से पौधे मजबूत होते है एवं कीट एवं रोगो के प्रति सहनशील होता है। खरपतवार प्रबंधन हेतु बुआवई के 20 दिन के आस-पास जब खरपतवार दो पत्ति की अवस्था में हो तब निंदानाशक इमाझेथापर 10 प्रतिशत एस.एल. की 300 ग्राम मात्रा प्रति एकड़ फ्लेट फैल नोजल से छिड़काव करने की सलाह दी गई। इस कार्यक्रम में लगभग 100 कृषको ने भाग लिया।

---

### टीबी मरीजों के लिए निक्षय मित्र बनकर आगे आए जनप्रतिनिधि और बैंक

**कोरिया।** जिला चिकित्सालय बैकुंठपुर में जिला पंचायत सदस्य गीता राजवाड़े द्वारा बैकुंठपुर विकासखंड के 5 टीबी मरीजों को गोद लेकर, छह माह तक पोषण आहार देने की जिम्मेदारी ली गई। राजवाड़े ने बताया कि वे स्वयं पूर्व में टीबी की मरीज रही हैं, इसलिए मरीजों की पीड़ा को समझती हैं और सदैव सहयोग के लिए तत्पर रहेंगी। इसके साथ ही भारतीय स्टेट बैंक बैकुंठपुर द्वारा भी 5 टीबी मरीजों का पोषण आहार सुनिश्चित करते हुए निक्षय मित्र की भूमिका निभाई गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रशांत सिंह ने बताया कि जिले में वर्तमान में 107 टीबी मरीज उपचाररत हैं, जिन्हें नियमित दवा के साथ पोषण आहार की आवश्यकता है। टीबी का उपचार और जांच पूर्णतः निःशुल्क है। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ. आयुष जायसवाल, जिला क्षय अधिकारी डॉ. ए.के. सिंह सहित जनप्रतिनिधि एवं अस्पताल के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

---

छग, मप्र-ओडिशा के 100 से अधिक युवाओं को दी जाएगी मुफ्त ट्रेनिंग

# खदानों में दक्ष संचालन के लिए अदाणी समूह का नया प्रशिक्षण अभियान शुरू

**विजय मत, रायपुर**

अदाणी समूह की कौशल विकास की प्रमुख संस्था अदाणी स्किल्स एंड एजुकेशन ने खदानों में भारी मशीनों और वाहनों को चलाने हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत की है। ड्राइविंग और यातायात अनुसंधान संस्थान, छत्तीसगढ़ के सहयोग से नवा रायपुर स्थित प्रशिक्षण केंद्र में सोमवार को 25 युवाओं के एक नए प्रशिक्षण बैच का शुभारंभ किया गया। अदाणी समूह की सामाजिक सरोकार की पहल के तहत छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश और ओडिशा राज्य के लगभग 103 युवाओं के कौशल विकास संवर्धन हेतु भारी और तकनीकी वाहनों को चलाना सिखाया जाएगा। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम अदाणी समूह के परियोजना प्रभावित गाँवों में युवाओं को रोजगारोन्मुखी कौशल प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस बैच में छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले के तमनार तहसील में स्थित जीपी 2 व 3 खदानों से 30 लोग, सरगुजा जिले के उदयपुर तहसील के पीईकेबी और पीसीबी खदानों से 13 युवाओं सहित मध्यप्रदेश राज्य के सिंगरौली जिले के सुलयारी तहसील से 50 तथा ओडिशा राज्य के तालाबीरा से 10 प्रतिभागी शामिल हैं, जिन्हें हेवी मोटर व्हीकल के 40 दिनों में 240 घंटों और हेवी अर्थ मूविंग मशीनरी के 35 दिनों में 200 घंटों के निःशुल्क प्रशिक्षण में कुशल किया जाएगा। इन सभी को यहाँ



प्रशिक्षण सहित हॉस्टल में रहने, खाने सहित संपूर्ण व्यवस्था का खर्च अदाणी समूह द्वारा वहन किया जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि भारत में छत्तीसगढ़ देश का सबसे ज्यादा 20 प्रतिशत कोयला उत्पादित करता है। ऐसे में, भारी वाहन चलाने के लिए प्रशिक्षित चालकों के लिए रोजगार के कई अवसर उपलब्ध हैं, किंतु उन्हें प्रशिक्षण के लिए सुविधाओं की आज भी कमी है। ऐसे में, अदाणी समूह की यह पहल ग्रामीण युवा, परिवहन और खनन उद्योग के लिए लाभदायी होगी। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रतिभागियों को व्यावसायिक दक्षता प्रदान कर उनकी रोजगार क्षमता को बढ़ाने के लिए रेखांकित किया गया है।

शुभारंभ समारोह में अहमदाबाद से अदाणी नेचुरल रिसोर्सेज के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर कोल माइनिंग मनोज कुमार शाही ने ऑनलाइन माध्यम से अपनी उपस्थिति दी। इसके अलावा छत्तीसगढ़ के सरगुजा क्लस्टर के मानव संसाधन प्रमुख राम द्विवेदी, तालाबीरा क्लस्टर के चीफ नवल शर्मा, अदाणी स्किल्स एंड एजुकेशन के रवि रेमी, तमनार क्लस्टर के सीएसआर प्रमुख मनीष शुक्ला, आईडीटीआर के संयुक्त निदेशक अमित गुप्ता सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। समारोह में मनोज कुमार शाही ने कहा, अदाणी समूह अपने परियोजना प्रभावित क्षेत्रों में रोजगार और स्वरोजगार उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। भारत में खनन उद्योगों के विभिन्न तकनीकी क्षेत्रों में रोजगार सृजित हो रहे हैं। इनमें खासकर खनन की मशीनों और भारी वाहनों, जिनकी लागत करोड़ों में है, को चलाने दक्ष युवाओं की जरूरत है। अदाणी स्किल्स एंड एजुकेशन की यह पहल गाँवों के युवाओं को कौशल विकास के साथ-साथ इन उद्योगों में आसानी से रोजगार उपलब्ध कराने में विशेष माध्यम साबित होगी।

---

खराब सड़क के विरोध में चक्काजाम करना पड़ा भारी

# कांग्रेस विधायक, सरपंच समेत 12 जनप्रतिनिधियों पर एफआईआर दर्ज

**विजय मत, जांजगीर-चांपा**

**जांजगीर-चांपा।** खराब सड़कों के विरोध में प्रदर्शन करने वाले कांग्रेस विधायक ब्यास नारायण कश्यप, एक सरपंच व उनके पति समेत 12 जनप्रतिनिधियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया गया है।

पुलिस ने यह कार्रवाई सोमवार को खोखसा ओवरब्रिज पर हुए चक्काजाम मामले में की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 30 जून को लगभग सुबह 11 बजे ग्राम जर्वे के सरपंच, विधायक, जनप्रतिनिधि सहित अन्य लोगों के द्वारा अपने अन्य सहयोगी महिला-पुरुष के साथ मिलकर खोखसा ओवरब्रिज के पास से जर्वे (च) होते हुए पिथमपुर तक जाने वाले मार्ग के अत्यधिक खराब होने की बातों को लेकर खोखसा ओवरब्रिज में आवागमन को अवरुद्ध करते हुए चक्काजाम किया गया था।

जिसमें आने-जाने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा, जिसको ध्यान में रखते हुए जांजगीर पुलिस ने कांग्रेस विधायक ब्यास नारायण कश्यप, ग्राम जर्वे (च) की सरपंच, उनके पति और अन्य 9 जनप्रतिनिधि के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। साथ ही बताया गया कि चक्का जाम करने वाले लोगों ने स्कूली बच्चों को इस प्रयोजन में शामिल किया, जो भारतीय न्याय संहिता व बालको की देखरेख संरक्षण अधिनियम के नियमों का भी उलंघन है।



**क्या है मामला**

जिला मुख्यालय से महज 3 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम जर्वे की सड़कें लंबे समय से बदहाल हैं। लगभग एक साल पहले भी यहां के ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया था, लेकिन प्रशासन के आश्वासन के बावजूद सड़क निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ। इसी से नाराज होकर ग्रामीणों ने इस बार खोखसा ओवरब्रिज पर छह घंटे तक चक्काजाम किया और जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन के बाद अपर कलेक्टर की समझाइश और विधायक से कलेक्टर की फोन पर बातचीत के बाद लोगों ने प्रदर्शन समाप्त किया। कलेक्टर ने एक सप्ताह के भीतर मरम्मत कार्य शुरू कराने और दिसंबर तक टेंडर प्रक्रिया पूरी कर निर्माण कार्य शुरू करने का आश्वासन दिया। प्रदर्शन में शामिल हुए कांग्रेस विधायक ब्यास नारायण कश्यप ने इस दौरान ऐलान किया कि यदि तय समय पर सरकार द्वारा सड़क निर्माण का कार्य शुरू नहीं किया गया, तो वे अपनी विधायक निधि से 3 करोड़ रुपये खर्च कर स्वयं निर्माण कराएंगे।

---

# कलेक्टर जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों को त्वरित निराकरण करने दिए निर्देश

**विजय मत, उत्तर बस्तर कांकेर**

जिला कार्यालय में आयोजित साप्ताहिक कलेक्टर जनदर्शन में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे आवेदकों ने अपनी विभिन्न मांगों एवं समस्याओं को लेकर आवेदन प्रस्तुत किया। कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने प्राप्त आवेदनों पर कार्यवाही करते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित निराकरण के लिए निर्देशित किया। जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित कलेक्टर जनदर्शन में पीएम आवास दिलाने, भूमि सीमांकन कराने, भर्ती परीक्षा में शामिल करने, विकलांगता पेंशन दिलाने, स्थानांतरण कराने, कृषि भूमि का कब्जा हटाने जैसे विभिन्न प्रकार की मांगों व समस्याओं से



संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारी को आवेदनों का शीघ्र निराकरण करने हेतु निर्देशित किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ हरेश मंडावी, डीएफओ हेमचंद पहारे, डी.पी. साहू, रौनक गोयल, अपर कलेक्टर जितेन्द्र कुमार कुर्रे सहित सभी अनुविभागीय अधिकारी, जिला स्तर के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

---

# बहन की स्कूटी का चालान कटा तो धरने पर बैठा भाई

**विजय मत, खैरागढ़**

**खैरागढ़।** शहर में मंगलवार शाम चालान को लेकर विवाद हो गया। यातायात नियम तोड़ने पर बहन की स्कूटी का चालान कटने से नाराज युवक बीच सड़क पर ही धरने पर बैठ गया। इस दौरान युवक और पुलिसकर्मियों के बीच जमकर नोकझोंक हुई, जिससे कुछ देर के लिए ट्रैफिक भी प्रभावित हुआ। मामला नगर पालिका खैरागढ़ कार्यालय के सामने का है। यातायात पुलिस ने हेलमेट और दस्तावेज जांच के दौरान एक स्कूटी को रोका। स्कूटी पर सवार युवती के पास दस्तावेज अधूरे थे, जिसके बाद पुलिस ने चालान काट



चालान को लेकर हंगामा

दिया। चालान कटने की जानकारी मिलते ही युवती का भाई शशांक ताम्रकार मौके पर पहुंचा और पुलिस से बहस करने लगा। युवक का आरोप था कि चालान काटने के दौरान उसकी बहन के साथ पुलिसकर्मियों ने गलत तरीके से बात की और बदसलूकी की। इसी विरोध में युवक सड़क पर बैठ गया और कार्रवाई रोकने की मांग करता रहा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार युवक का सड़क पर बैठना और नारेबाजी करना चालान रद्द करवाने के दबाव का तरीका था। इस हंगामे का वीडियो मौके पर मौजूद लोगों ने रिकॉर्ड कर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया, जिसमें युवक पुलिसकर्मियों से बहस करता और बीच सड़क पर बैठा दिखाई दे रहा है। इस विवाद के चलते कुछ देर तक यातायात बाधित रहा। हालांकि बाद में आसपास के लोगों के समझाने और जांच कराने के आश्वासन के बाद युवक ने धरना समाप्त किया। फिलहाल इस मामले में किसी पक्ष की ओर से लिखित शिकायत सामने नहीं आई है, लेकिन वायरल वीडियो को लेकर अब इलाके में चर्चा है कि क्या चालान की कार्रवाई को लेकर सड़क पर बैठकर विरोध करना सही है या नहीं।

---


**खास-खबर**

कलेक्टर ने आमजनों की सुनी समस्याएं, गंभीरतापूर्वक निराकरण के दिए निर्देश

# कलेक्टर जनदर्शन में 29 आवेदनो का हुआ निराकरण

**विजय मत, एमसीबी**

कलेक्टर डी. राहुल वेंकट ने आज कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनदर्शन के माध्यम से आम नागरिकों की समस्याओं को सुना। जिले के ग्रामीण जन और नागरिकों ने जनदर्शन में अपनी छोटी-बड़ी समस्याओं को सीधे कलेक्टर के समक्ष रखा। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्रता से समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। जनदर्शन में कुल 29 आवेदन प्राप्त हुए। आवेदक सरिता निवासी मंगोरा आंगनबाड़ी सहायिका में नियमों के विपरित नियुक्ति करने के संबंध में, देवकली निवासी नागपुर स्वत्व भुगतान के संबंध में, मुख्तार निवासी डोमनापारा भूमि के संबंध में, कमलेश्वर सारथी निवासी चिरमिरी आत्मादाह के लिए बाध्य होने के संबंध में, विजेन्द्र सिंह, मुन्नी बाई, केवल सिंह




निवासी बाही सचिव को अविलम्ब हटाये जाने के संबंध में, रघुनाथ निवासी बोरीडांड भूमि के संबंध में, धरम दास निवासी पोड़ी आगे की शिक्षा प्राप्त करने हेतु अनुमति के संबंध में, राहुल गायकवाड़ निवासी कमलडांड शासकीय आवागमन रास्ते को क्षतिग्रस्त करने के संबंध में, हिरदन सिंह निवासी धवलपुर पट्टा निरस्त करने के संबंध में, रामनरेश तिवारी वेतन वृद्धि स्वीकृत करने के संबंध में, तारामणी निवासी उजियारपुर पीएम आवास का अंतिम किस्त प्रदान करने के संबंध में, रामबाई निवासी जामपारा पीएम आवास की राशि में गड़बड़ी करने के संबंध में, अर्चना निवासी साल्ही नामांतरण के संबंध में, सीताशरण निवासी उजियारपुर आवारा पशुओं को सुरक्षित करने के संबंध में, उदय सिंह निवासी महाई भूमि के संबंध में, यशोदा निवासी फुनगा भूमि के संबंध में, अदिति यादव निवासी मनेन्द्रगढ़ आंगनबाड़ी कार्यकर्ता नियुक्ति के देरी के संबंध में, अंजु उर्मलिया निवासी खोंगापानी स्वच्छता व्यवस्था की घोर उपेक्षा के संबंध में, गौरी निवासी चनवारीडांड भूमि के संबंध में, अजीजा खातून निवासी मनेन्द्रगढ़ भूमि के संबंध में, बुद्धिराम नाहक, भगवान निवासी चिरमिरी राशन दुकानों में हो रही अनिमिततों के संबंध में, पवन निवासी मनेन्द्रगढ़ नौकरी वापस दिलाने के संबंध में, सुखराम निवासी भुकभुकी भूमि के संबंध में, शुभम फ्लाई एस आबंटित प्लाट में अतिक्रमण कर्ता के विरूद्ध कार्यवाही न करते हुए अभिन्यास पुनरीक्षण के संबंध में, दिप्ति अग्रवाल निवासी मनेन्द्रगढ़ शिकायत दर्ज कर उचित कार्यवाही किये जाने के संबंध में, अनुपा राय निवासी पेन्ड्री भूमि के संबंध में, द्वारिका सिंह निवासी धवलपुर भूमि के संबंध में, समस्त वार्ड पंच निवासी साल्ही सचिव को अविलम्ब हटाये जाने के संबंध में, दूजेराम कुर्रे निवासी मनवारी राशन वितरण में गड़बड़ी करने के संबध में अपना शिकायत लेकर आये थे।

---

# लोगों की सहूलियत के अनुसार शिविर का समय करें निर्धारित: कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी

**विजय मत, रायगढ़**

जिले के ग्राम पंचायतों में जनसुविधा की दृष्टि से राजस्व अभिलेखों में त्रुटि सुधार के लिए शिविर लगाए जा रहे हैं। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी आज शिविरों के औचक निरीक्षण में पहुंचे। उन्होंने रायगढ़ विकासखंड के ग्राम तरेकेला और पुसौर विकासखंड के ग्राम झारमुड़ा में शिविर का निरीक्षण किया। कलेक्टर चतुर्वेदी ने तरेकेला में पंचायत सचिव से त्रुटिपूर्ण खातों की जानकारी और लोगों द्वारा सुधार हेतु किए आवेदनों के निराकरण के बारे में जानकारी ली। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने कहा कि गांव में शिविर एक लाभ अधिकाधिक ग्रामवासियों को मिलना चाहिए।



इसके लिए जरूरी है कि पहले गांव के लोगों तक शिविर आयोजन की जानकारी अग्रिम रूप से पहुंचे। इसके लिए गांव के प्रमुख व्हाट्सएप ग्रुप्स के माध्यम से जानकारी साझा करने के साथ ही मुनादी के जरिए भी लोगों को सूचित करने के लिए कहा। जिससे अधिक से अधिक लोग शिविर में आ सकें। उन्होंने त्रुटि युक्त खाता धारकों को इसकी जानकारी उपलब्ध कराते हुए सुधार के लिए आवश्यक प्रक्रियाएं पूरी करने के निर्देश हल्का पटवारी को दिए और कहा इन शिविरों के आयोजन का उद्देश्य राजस्व खाते संबंधी त्रुटियों का स्थानीय स्तर पर समाधान करना है। जिससे लोगों को अनावश्यक न भटकना पड़े। उन्होंने ग्रामवासियों से कहा कि यह अच्छा अवसर है जब गांव में ही शिविर लगाए जा रहे हैं, इसका पूरा लाभ उठाएं। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्कूली बच्चों से चर्चा की और स्कूल में पढ़ाई-लिखाई के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर चतुर्वेदी ने पुसौर विकासखंड के ग्राम झारमुड़ा के ग्राम पंचायत में आयोजित शिविर का भी निरीक्षण किया।

# जानलेवा हमला कर लूट करने वाले फरार आरोपी मुस्कान रात्रे-प्रिंस यदु गिरफ्तार

**विजय मत, रायपुर**



थाना कबीर नगर क्षेत्र में एक युवक पर जानलेवा हमला कर मोबाइल और दस्तावेज लूटने वाले फरार दंपति आरोपी प्रियेश उर्फ प्रिंस यदु और मुस्कान रात्रे उर्फ यदु को पुलिस ने नागपुर (महाराष्ट्र) से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त चाकू भी बरामद किया गया है। यह कार्रवाई एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट, थाना कबीर नगर, जीआरपी रायपुर, और आरपीएफ नागपुर की संयुक्त टीम द्वारा की गई। घटना का विवरणः प्रार्थी गजेंद्र यदु ने 12 जून की रात थाना कबीर नगर में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह हीरापुर यदुवंशी चौक के पास अपनी एक्टिवा पर बैठा था, तभी तीन लोगों–अजय यदु, प्रियेश यदु (प्रिंस), और मुस्कान रात्रे–ने उसे घेर लिया। पुरानी रंजिश को लेकर इन लोगों ने गजेंद्र पर हाथ-मुक्का, चाकू और कड़ा से हमला कर उसे गंभीर चोटें पहुंचाईं और उसके मोबाइल, नगदी, आधार कार्ड, पैन कार्ड, वोटर आईडी लूटकर फरार हो गए। इस मामले में पहले अजय यदु उर्फ राजा को गिरफ्तार कर लिया गया था, जबकि आरोपी दंपति फरार चल रहे थे।

## डीकेएस हॉस्पिटल के पार्किंग के पीछे पकड़ाए

# पुड़िया में गांजा बेचते महिला-पुरुष गिरफ्तार

**विजय मत, रायपुर**



पुड़िया में गांजा बेचते महिला-पुरुष गिरफ्तार हुए है, ऊडर हॉस्पिटल के पार्किंग के पीछे गांजा बेच रहे थे। गोलबाजार पुलिस को सूचना मिला थाना क्षेत्रांतर्गत डीकेएस अस्पताल के पार्किंग के पीछे एक व्यक्ति एवं एक महिला मादक पदार्थ गांजा रखा है तथा बिक्री करने की फिराक में ग्राहक की तलाश कर रहा है। जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर लखन पटेल, नगर पुलिस अधीक्षक सिविल लाईन केशरीनंदन नायक द्वारा थाना प्रभारी गोलाबाजार को सूचना की तस्दीक कर आरोपीगणों को मादक पदार्थ गांजा के साथ रंगे हाथ पकड़ने निर्देशित किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में थाना गोलबाजार पुलिस की टीम द्वारा उक्त स्थान जाकर मुखबीर द्वारा बताये हुलिए के दो व्यक्तियों को चिन्हांकित कर पकड़ा गया। पूछताछ में महिला ने अपना नाम अफसाना बी उर्फ गुड़िया निवासी मोतीबाग चैक यूनियन क्लब रायपुर एवं दूसरा व्यक्ति ने अपना नाम मोह.निजामुद्दीन उर्फ ईम्मू निवासी मोतीबाग चैक यूनियम क्लब रायपुर का होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा उसकी तलाशी लेने पर उसके पास मादक पदार्थ गांजा रखा होना पाया गया। आरोपीगणों से उक्त मादक पदार्थ गांजा रखने एवं बिक्री करने के संबंध में वैध दस्तावेज की मांग करने पर उसके द्वारा किसी प्रकार का कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा आरोपीया अफसाना बी उर्फ गुड़िया एवं मोह.निजामुद्दीन उर्फ ईम्मू को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से कुल 05.00किलोग्राम मादक पदार्थ गांजा जिसका मूल्य लगभग 50,000/- रुपए जप्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना गोलबाजार में अपराध क्रमांक 111/2025 धारा 20बी नारकोटिक एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया है। विदित हो कि अफसाना बी. उर्फ गुड़िया को इसके पूर्व थाना गोलबाजार से ही 110 पौवा अवैध शराब के साथ पकड़े जाने पर 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर जेल निरूद्ध किया गया था एवं मोह. निजामुद्दीन उर्फ ईम्मू को पूर्व में भी गांजे सहित पकड़े जाने पर एनडीपीएस के तहत कार्यवाही की गई है। गिरफ्तार आरोपी 01.अफसाना बी उर्फ गुड़िया पति शेख हासिम उम्र 35 साल साकिन मोतीबाग चैक यूनियन बैंक के सामने थाना गोलबालार रायपुर छ.ग. 02.मोह.निजामुद्दीन उर्फ ईम्मू पिता मोह.सलीम उम्र 29 साल साकिन मोतीबाग चैक यूनियन क्लब के सामने थाना गोलबाजार रायपुर छ.ग.।

# खेल मैदान में लोगों को चाकू लेकर डराने वाला बदमाश को पुलिस ने दबोचा

**विजय मत, धमतरी**



पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे सख्त अभियान के तहत थाना सिटी कोतवाली पुलिस ने एक युवक को धारदार प्रतिबंधित हथियार के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा है। आरोपी सार्वजनिक स्थान पर चाकू लहराकर लोगों को डरा धमका रहा था। थाना सिटी कोतवाली पुलिस पेट्रोलिंग पर रवाना हुआ था, उसी दौरान कचहरी चौक के पास पुलिस को सूचना मिली कि एकलव्य खेल मैदान (इंडोर स्टेडियम) धमतरी के पास एक युवक लोहे का धारदार चाकू लेकर लोगों को डरा-धमका रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर संदिग्ध युवक को पकड़ लिया। पूछताछ करने पर अपना नाम टेमन डहरिया पिता घना राम डहरिया उम्र 21 वर्ष, निवासी सतनामीपारा, सदर रोड, नयापारा, राजिम, का रहने वाला बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से एक नग धारदार प्रतिबंधित लोहे का चाकू बरामद किया गया, जिसे गवाहों के समक्ष विधिवत जब्त कर सीलबंद किया गया। आरोपी द्वारा प्रतिबंधित शस्त्र को अवैध रूप से सार्वजनिक स्थल पर रखकर आम जनता में भय और दहशत का माहौल उत्पन्न किया गया, जो कि भारतीय शस्त्र अधिनियम की धारा 25, 27 के तहत दंडनीय अपराध है। थाना सिटी कोतवाली धमतरी में अपराध क्रमांक 162/2025 धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत विधिवत कार्यवाही कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया गया। आरोपी का नाम टेमन डहरिया पिता घना राम डहरिया उम्र 21 वर्ष, निवासी सतनामीपारा, सदर रोड, नयापारा, राजिम, जिला रायपुर।

## गर्लफ्रेंड का गुस्सा निर्दोष लड़के पर उतारा, चाकूबाजी की वारदात

भिलाई। प्रेम-प्रसंग के चलते हुए विवाद ने एक निर्दोष युवक को अस्पताल पहुंचा दिया। अपनी गर्लफ्रेंड से हुए झगड़े का बदला लेने के लिए एक युवक ने अपने नाबालिग दोस्त के साथ मिलकर एक अन्य युवक पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। यह सनसनीखेज घटना




भिलाई के पुरानी भिलाई थाना क्षेत्र की है। मिली जानकारी के अनुसार आरोपी साहिल सोना अपनी गर्लफ्रेंड से किसी बात को लेकर नाराज था। गुस्से में आकर उसने बदला लेने की नीयत से अपने नाबालिग दोस्त के साथ मिलकर नीरज वर्मा नामक युवक को निशाना बनाया। दोनों ने नीरज पर पहले हाथ-मुक्कों से हमला किया और फिर चाकू से गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत घायल नीरज को सुपेला स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसका इलाज जारी है। पीड़ित युवक के पिता अजय वर्मा ने पुरानी भिलाई थाने में पूरे मामले की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले और नीरज द्वारा दिए गए हुलिए के आधार पर आरोपी साहिल सोना को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। फिलहाल पुलिस नाबालिग सहयोगी की तलाश में जुटी हुई है। मामले की जांच जारी है।

# गवाही से रोकने की धमकी देने वाला फरार आरोपी मनीष सिंह गिरफ्तार

**विजय मत, रायपुर**



थाना तेलीबांधा क्षेत्र में न्यायालय में गवाही देने से रोकने के लिए जान से मारने की धमकी देने वाले फरार आरोपी मनीष सिंह को रायपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोबाइल फोन और क्रेटा वाहन को भी जब्त किया गया है। इस प्रकरण में पूर्व में आरोपी मनोहर सिंह की गिरफ्तारी हो चुकी थी। घटना का विवरणः प्रार्थी कमलेश बुलवानी, निवासी तेलीबांधा, एक गंभीर आपराधिक मामले (थाना राजेन्द्र नगर, अपराध क्रमांक 403/2024) में साक्षी है, जिसमें उसके मित्र यश शर्मा की अपहरण के बाद पिटाई कर हत्या कर दी गई थी। मामले में गवाही के लिए कोर्ट से नोटिस मिलने के दो दिन पहले (दिनांक 18 मई 2025) कमलेश को अज्ञात नंबर से कॉल आया। जिसमें स्वयं को मनोहर सिंह बताकर आरोपी ने मिलने के लिए बुलाया।

कमलेश जब श्याम नगर प्रीत आटा चक्की के पास पहुंचा, तो एक सफेद क्रेटा कार में मौजूद मनीष सिंह ने खुद को पहचान कर धमकी दी कि अगर गवाही दी तो उसका भी वही हश्र होगा जो यश शर्मा का हुआ। इस धमकी के बाद थाना तेलीबांधा में अपराध क्रमांक 303/25, धारा 232(1), 351(2), 111 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह के निर्देश पर गठित टीम ने पहले आरोपी मनोहर सिंह को गिरफ्तार किया था। वहीं मनीष सिंह घटना के बाद से फरार चल रहा था। पुलिस की एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट और थाना तेलीबांधा की संयुक्त टीम ने लगातार संभावित ठिकानों पर दबिश दी और आखिरकार रायपुर में उसकी मौजूदगी की सूचना पर उसे पकड़ने में सफलता पाई। गिरफ्तार आरोपीः मनीष सिंह, पिता विजय सिंह उम्रः 30 वर्ष, मूल निवासः सगरागपुर जल्हागांव, थाना रागरागपुर, जिला मोतीहारी (बिहार) वर्तमान पताः पुराना आईटीआई स्कूल के पीछे, श्याम नगर, थाना तेलीबांधा, रायपुर। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार मनीष सिंह थाना तेलीबांधा का चिह्नित गुंडा-बदमाश है, जिसके खिलाफ जुआ एक्ट, एनडीपीएस एक्ट, मारपीट और जान से मारने की धमकी जैसे गंभीर प्रकरण पहले से दर्ज हैं।

## बस को ओवरटेक करने वाला स्टंटबाज गिरफ्तार, धमतरी पुलिस ने दबोचा

**धमतरी**। पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार के दिशा-निर्देशन में आमजन की सुरक्षा और सड़क पर कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस यातायात द्वारा लगातार प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में मनीष ट्रेवल्स की एक बस को



खतरनाक तरीके से तेज रफ्तार में ओवरटेक करने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। वीडियो में युवक तेज गति से बाइक चलाते हुए, बस के आसपास बार-बार ओवरटेक करता नजर आ रहा था, जिससे यात्रियों में दहशत और असुविधा की स्थिति उत्पन्न हुई। इस घटना पर पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार ने तत्परता से संज्ञान लेते हुए सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी की पहचान साहिब बेग पिता रसीद बेग उम्र 19 वर्ष निवासी जालमपुर, थाना सिटी कोतवाली, जिला धमतरी (छ.ग.) के रूप में की गई। आरोपी द्वारा बाइक चलाते समय ड्राइविंग लाइसेंस नहीं होना, बिना हेलमेट, बिना पंजीयन नंबर की गाड़ी का उपयोग करना तथा खतरनाक एवं लापरवाहीपूर्ण वाहन संचालन पाया गया। उक्त धाराओं के अंतर्गत आरोपी के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक एवं चलानी कार्यवाही की गई है।

# उफान नाले में बहे मां-बेटे की मौत छग के बलरामपुर में भारी बारिश

**विजय मत, बलरामपुर**



जिले के शंकरगढ़ थाना क्षेत्र में उफनते नाले को पार कर रहे मां-बेटे बह गए। दोनों का शव मंगलवार को बरामद हुआ है। आमगांव निवासी विशुन कोरवा की पत्नी रजनी पहाड़ी कोरवा (20) अपने 2 वर्षीय बेटे आनंद के साथ मायके रकैया गांव गई थी। बताया जा रहा है कि वहां से शाम करीब 6 से 7 बजे के बीच वह बेटे को लेकर पैदल ही लौट रही थी। दोनों गांव के बीच स्थित बढ़नी झरिया नाले में कमर तक पानी भरा था। बेटे को गोद में लेकर रजनी कोरवा नाला पार कर रही थी, तभी दोनों नाले के तेज बहाव में बह गए। ग्रामीणों ने मां-बेटे का शव घटनास्थल से करीब एक किलोमीटर दूर खेत में पड़ा देखा। सूचना शंकरगढ़ पुलिस को दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को पंचनामा के बाद पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

## पड़ोसी की पावर, विधायक को करवाया गिरफ्तार

**जांजगीर**। विधायक बालेश्वर साहू को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। हालांकि मुचलके पर उन्हें तुरंत छोड़ दिया गया। पूरा मामला एक एसी के आउटर को दीवार पर लगाने को लेकर शुरू हुआ था। दरअसल, 10 जून को पड़ोसी ने विधायक बालेश्वर साहू के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज कराया था। बताया जा रहा है कि दीवार पर एसी का आउटर लगाने को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ था। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि बात मारपीट तक आ गई। जिसके बाद विधायक बालेश्वर साहू ने पड़ोसी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करा दी। दोनों ने एक दूसरे पर आरोप लगाए। जिसके बाद पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया था।

# 5 जुलाई तक पुलिस रिमांड में भेजे गए बघेल के करीबी तांत्रिक केके श्रीवास्तव

**विजय मत, रायपुर**



पूर्व सीएम भूपेश बघेल के करीबी और तांत्रिक के के श्रीवास्तव को 5 जुलाई तक पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। इससे पहले पांच दिन की पहली रिमांड खत्म होने पर पुलिस आज सीजेएम कोर्ट में दोबारा पेश करेगी। बताया गया है कि के.के. ने अपना जुर्म स्वीकार किया है। फिर भी वह पुछताछ में पुलिस को गुमराह करता रहा है। पुछताछ में बताई बातों की आगे कनेक्शन नहीं मिल रहा है। ऐसे में पुलिस कोर्ट से और रिमांड की मांग की। इस पर कोर्ट ने 5 जुलाई तक दे दिया है। इस बीच ईओडब्ल्यू भी आरोपी श्रीवास्तव से पूछताछ कर सकती है। इसके लिए पत्र लिखा है।

बता दें कि सप्ताहभर पहले ही तेलीबांधा पुलिस ने केके श्रीवास्तव को भोपाल से गिरफ्तार किया था। इसके बाद कोर्ट में पेश कर 7 दिन का रिमांड लिया गया था। मामले की जांच का जिम्मा प्रशिक्षु आईपीएस अजय कुमार को दिया गया है। आरोपी से पूछताछ के साथ ही उसके बैंक खाते को भी खंगाला गया है। प्रारंभिक जांच में पुलिस को 300 करोड़ रुपए का ट्रांजेक्शन मिला है। यह पैसा गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वालों के खातों में जमा कराया गया है। उसी से लेन-देन किया गया है। इस पैसे को लेकर ही पुलिस, ईओडब्ल्यू और ईडी जांच कर रही है। जांच एजेंसी को शक है कि यह पैसा कांग्रेस के बड़े नेता का है, जिन्होंने केके के माध्यम से निवेश किया है। वहीं, पुलिस



## युवती ने की खुदकुशी, जांच में जुटी पुलिस

**दंतेवाड़ा**। जिले में एक युवती ने अपने घर पर ही फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली है। पाइप पर गमछा का फंदा बनाया और झूल गई। फिलहाल सुसाइड का कारण अज्ञात है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। मामला सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, मृत युवती का नाम श्यामबती कड़ती (23) है। ये दंतेवाड़ा के कुम्हाररास की रहने वाली थी। मजदूरी का काम करती थी। बताया जा रहा है कि एक दिन पहले शाम 6 बजे काम कर लौटी थी। रात में परिजनों के साथ खाना खाई। फिर अपने कमरे में सोने चले गई थी। कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था। वहीं सुबह यह जल्दी नहीं उठी। जिसके बाद परिजनों को शक हुआ। उन्होंने दरवाजा खटखटाया। जब अंदर से कोई भी रिस्पॉन्स नहीं मिला तो दरवाजा को तोड़ा गया। जब परिजन अंदर गए तो उन्होंने फंदे से लटकती अपनी बेटी की लाश देखी। रोने और शोरगुल की आवाज सुनकर पड़ोस के लोग भी घर पहुंच गए। वहीं इस मामले की जानकारी सिटी कोतवाली पुलिस को भी दी गई। मौके पर जवान पहुंचे।

# डोडा के साथ राजस्थान का तस्कर गिरफ्तार, 4.50 लाख का माल जब्त

**विजय मत, रायपुर**



रायपुर पुलिस ने नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एक बड़ी कार्रवाई करते हुए एक अंतर्राज्यीय मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 1.252 किलोग्राम डोडा, नगदी 1.90 लाख रुपये, तौल मशीन, कार, एक्टिवा और मोबाइल फोन सहित कुल 4.50 लाख रुपये का माल जब्त किया गया है। आरोपी राजस्थान का रहने वाला है, जो रायपुर में घुम-घुमकर डोडा की बिक्री कर रहा था। जानकारी के अनुसार, एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट तथा आमानाका थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने मुखबिर की सूचना पर हीरापुर टाटीबंध स्थित छठ तालाब सूर्य मंदिर के पास एक कार को घेराबंदी कर रोका। कार में सवार व्यक्ति की पहचान ओमप्रकाश शर्मा उर्फ पप्पू (53 वर्ष), निवासी ग्राम रोजा, जिला झालावाड़, राजस्थान के रूप में हुई। तलाशी में कार से डोडा बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि वह यह मादक पदार्थ राजस्थान से लाकर रायपुर में एक्टिवा और कार के जरिए खपतकताओं तक पहुँचाता था। उसके पास मादक पदार्थ परिवहन व बिक्री से संबंधित कोई वैध दस्तावेज नहीं मिला। जब्त सामग्री में शामिल हैंः डोडा 1.252 किलोग्राम नगद रकम ?1,90,540/- तौल मशीन कार क्रमांक RJ17 CA 8552 एक्टिवा CG07 अए 5469 मोबाइल फोन पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध थाना आमानाका में अपराध क्रमांक 216/25 धारा 15 ठउद्धर एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है। साथ ही फॉरवर्ड और बैकवर्ड लिंक के आधार पर अन्य संभावित आरोपियों की तलाश भी शुरू कर दी गई है।

# भांठागांव का युवक ने किया महंगे कुत्ते की चोरी, गिरफ्तार




**विजय मत, रायपुर**

पुरानी बस्ती पुलिस मंगलवार सुबह से परेशान थी। उसकी परेशानी का सबब गुम हुआ एक कुत्ते का बच्चा था। और पुलिस की इस परेशानी को सीसीटीवी कैमरे ने आसानी से दूर कर दिया। कैमरे के फुटेज की छानबीन करते हुए पुलिस ने कुत्ते के बच्चे को ढूंढ निकाला है । यह बच्चा जिला कलेक्टोरेट की एक महिला कर्मचारी के परिचित का है। डीडी नगर निवासी महिला कर्मी ने अपने यहां महंगी नस्ल के तीन से चार कुत्ते पाले हुए है। उनमें से एक कुतिया के एक बच्चे को अपने परिचित को दिया था। इसे आज सुबह किसी अज्ञात व्यक्ति ने चाकू की नोक पर डरा धमकाकर ले भागा। इसकी सूचना पर महिला कर्मी ने पुलिस की मदद ली। इस पर पुलिस ने कुत्ते के बच्चे की तलाश की। इसमें, इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरे से बड़ी मदद मिली। इनके फुटेज में बच्चा लेकर भागे व्यक्ति को बीएसयूपी कालोनी भांठा गांव में ट्रेस कर पुलिस ने पकड़ा।

# पार्सल वाले को बंधक बनाकर चार युवकों ने पीटा, केस दर्ज

**विजय मत, रायगढ़**




जिले में डिलीवरी ब्वॉय 2 युवकों को बंधक बनाकर पीटने का मामला सामने आया है। युवक पार्सल छोड़ने गए थे। तभी पार्सल के रुपए मांगने की बात पर उन्हें 4 लोगों ने मिलकर कमरे में बंद कर बेल्ट और लकड़ी से पीटा। उनके पास रखे कैश, मोबाइल और बाइक को लूट लिया। घटना लैलूंगा थाना क्षेत्र की है। जानकारी के मुताबिक गमेकेला का रहने वाला सावन पैंकरा (21) और उसका दोस्त नित्यानंद एक प्राइवेट डिलीवरी फर्म में पार्सल छोड़ने का काम करते हैं। ने पर कटेगी वेतन बुधवार को दोनों दोस्त इन्द्रानगर में रहने वाले सुमन सारथी को पार्सल छोड़ने के लिए गए थे। उनका दो पार्सल था। ऐसे में सुमन को पार्सल देने पर उसने एक पार्सल का रुपए दिया और दूसरे पार्सल का रुपए कुछ देर में आकर ले जाने बोला।तब सावन और नित्या वहां से चले गए और शाम को उसके पास फिर से रुपए लेने के लिए पहुंचे तो वहां मौजूद विक्की सारथी गुस्सा हो गया। रुपए कल लेना कहने लगा। ऐसे में सावन ने उसे बताया कि पार्सल का रुपए ऑफिस में जमा करना होता है। जिससे विक्की नाराज हो गया और उनके साथ मारपीट करने लगा। तब विक्की के तीन अन्य साथी आ गए और कमरे में ले जाकर बेल्ट व लकड़ी से चारों ने मिलकर उनकी जमकर पिटाई करना शुरू कर दिया। इसके बाद उनके पास रखे डिलीवरी का 5 हजार रुपए, दो मोबाइल, बाइक को लूट लिया और करीब एक घंटे बाद उन्हें वहां से भगा दिया। मारपीट से सावन पैंकरा और नित्यानंद के हाथ, पैर में चोट पहुंची। घटना के बाद डर के कारण दोनों ने रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई, लेकिन उन्होंने अपने परिजनों को मामले की जानकारी दी। ऐसे में परिजनों के कहने पर सोमवार को सावन पैंकरा लैलूंगा थाने पहुंचा और मामले में रिपोर्ट दर्ज कराई। जहां पुलिस ने विक्की समेत उसके 3 साथियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

# मुंबई के लिए ही खेलेंगे यशस्वी, एनओसी वापस ली



**मुम्बई, एजेंसी**

भारतीय क्रिकेट टीम के युवा बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल आने वाले समय में भी मुम्बई की ओर से खेलते रहेंगे। यशस्वी ने मुम्बई क्रिकेट बोर्ड (एमसीए) से जो अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) मांगा था वह उन्होंने वापस ले लिया है। यशस्वी ने हाल ही में कहा था कि वह गोवा की ओर से खेलना चाहते हैं जिससे लिए उन्होंने एमसीए से एनओसी देने का अनुरोध किया था पर बाद में उन्होंने अपना इरादा बदल दिया। एमसीए ने शुरू में एनओसी के लिए उनके अनुरोध को स्वीकार कर लिया था। यशस्वी गोवा की टीम से जुड़ने के साथ उसके कप्तान बनना चाहते थे। एमसीए की शीर्ष परिषद ने इस युवा बल्लेबाज के एनओसी वापस लेने के अनुरोध को स्वीकार कर लिया है।

वहीं एमसीए ने बल्लेबजा पृथ्वी शॉ के दूसरे राज्य के लिए खेलने के अनुरोध को स्वीकार करते हुए उनको एनओसी देना मंजूर कर लिया है। यशस्वी आजकल भारतीय टीम के साथ ही इंग्लैंड दौरे पर हैं। वहीं खराज फार्म से गुजर रहे पृथ्वी अब अपनी गलतियों को सुधारकर नई शुरुआत करना चाहते हैं।

# पुरुष एशिया कप हॉकी 2025 से पाकिस्तान का बाहर होना तय



**नई दिल्ली, एजेंसी**

बिहार के राजगीर में 29 अगस्त से 9 सितंबर तक पुरुष एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट 2025 खेला जाएगा। भारत की मेजबानी में होने वाले इस टूर्नामेंट में पाकिस्तान को शामिल किये जाने की कोई संभावना नहीं हैं। वहीं हॉकी इंडिया के एक अधिकारी ने कहा कि इस मामले में सरकार के साथ बातचीत जारी है और उसके बाद अंतिम फैसला लिया जाएगा पर इस अधिकारी के अनुसार जिस प्रकार के तनावपूर्ण संबंध दोनो देशों के बीच हैं उसमें पाक का बाहर होना तय है। पहलगाम में हुए घातक आतंकी हमले और उसके बाद ऑपरेशन सिंदूर को देखते हुए पाकिस्तान पुरुष हॉकी टीम को बाहर करने की मांग तेज हो गयी है। वहीं हॉकी इंडिया के एक अधिकारी ने एशिया कप में पाकिस्तान की भागीदारी को लेकर कहा, हम सरकार के संपर्क में हैं और हम उसके निर्देशों का पालन करेंगे। मौजूदा स्थिति के अनुसार मुझे नहीं लगता कि पाकिस्तान टीम को भाग लेने की अनुमति दी जाएगी। साथ ही कहा कि हम सरकार के आदेशों के अनुसार ही काम करेंगे।

# इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में बराबरी के इरादे से उतरेगी भारतीय टीम

**बर्मिंघम, एजेंसी**

भारतीय भारतीय क्रिकेट टीम यहां बुधवार से मेजबान इंग्लैंड के खिलाफ शुरु हो रहे दूसरे टेस्ट मैच में जीत के इरादे से उतरेगी। भारतीय टीम को पहले टेस्ट में पांच शतक लगाने के बाद भी खराब फील्डिंग के कारण हार का सामना करना पड़ा था। ऐसे में उसका लक्ष्य इस मैच में अपनी कमजोरियों को दूर करना रहेगा। पहले टेस्ट में भारतीय टीम की ओर से तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ही सफल रहे थे। वहीं अन्य गेंदबाज विफल रहे थे जिसका भी नुकसान उसे उठाना पड़ा था। पांच मुकाबलों की सीरीज का पहला मैच हारने के बाद भारतीय टीम 1-0 से पीछे हैं। ऐसे में उसके लिए यह मुकाबला बेहद अहम है। उसे सीरीज में बराबरी के लिए इसे जीतना ही होगा। इस मैच के लिए मेजबान टीम ने कोई बदलाव नहीं किया है। वहीं भारतीय टीम बदलावों के साथ उतरेगी पर क्या बदलाव होंगे ये



मैच से पहले ही पता चलेगा क्योंकि भारतीय टीम ने अभी तक अपने अंतिम ग्यारह खिलाड़ियों की घोषणा नहीं की है। भारतीय टीम के मुख्य तेज गेंदबाज बुमराह को इस मैच में आराम दिया जाना है। ऐसे में उनकी जगह पर बांए हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह या आकाशदीप सिंह को शामिल किया जा सकता है। वहीं ऑलराउंडर स्थान कुलदीप यादव को अवसर मिलने की संभावना नहीं है। ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर पहले टेस्ट में प्रभावित नहीं कर पाये थे, ऐसे में उनकी जगह युवा नीतीश कुमार रेड्डी को भी टीम में शामिल किय जा सकता है।

बर्मिंघम में गर्म मौसम और सूखी पिच को देखते हुए इसमें स्पिनरों को सहायता मिल सकती है। ऐसे में भारतीय टीम दो स्पिनरों को अंतिम ग्यारह में जगह दे सकती है। ऐसे में अनुभवी रविंद्र जडेजा, कुलदीप यादव और वॉशिंगटन सुंदर में से दो को टीम में जगह मिल सकती है। एक अन्य रिपोर्ट के अनुसर टीम प्रबंधन कुलदीप की जगह वॉशिंगटन सुंदर को शामिल कर सकता है।

एजबेस्टन क्रिकेट मैदान की बात करें, तो मैच की शुरुआत में पिच से गति और उछाल हासिल हो सकता है। ऐसे में सलामी बल्लेबाजों के लिए तेज गेंदबाजों का सामना करना आसान नहीं होगा। शुरुआत के दो दिन भले ही ड्यूक गेंद से तेज गेंदबाजों को मदद मिलेगी, लेकिन तीसरे और चौथे दिन पिच बल्लेबाजी के लिए आसान हो सकती है। अगर बादल छाए रहे, तो तेज गेंदबाजों को मदद मिलेगी। यहां मुकाबले के दूसरे और तीसरे दिन पिच नरम हो जाती है, जबकि चौथे और पांचवें दिन पिच पर दरारें और खुरदरे पैच नजर आने लगते हैं, जिससे स्पिनरों को सहायता मिलती है। मौसम विभाग के अनुसार मैच के पहले दिन बारिश की आशंका है।

### दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं भारतीय टीम

**शुभमन गिल (कप्तान)**, साईं सुदर्शन, यशस्वी जायसवाल, करुण नायर, नितीश रेड्डी, रवींद्र जडेजा, वाशिंगटन सुंदर, शार्दुल ठाकुर, ऋषभ पंत, केएल राहुल, ध्रुव जुरेल, मोहम्मद सिराज, जसप्रीत बुमराह, प्रसिद्ध कृष्णा, आकाशदीप, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, अभिमन्यु ईश्वरन, ।

**इंग्लैंड अंतिम ग्यारह-** बेन स्टोक्स (कप्तान), जैक क्रॉली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, हैरी ब्रूक, जेमी स्मिथ (विकेटकीपर), क्रिस वोक्स, ब्रायडन कार्स, जोश टंग और शोएब बशीर।

# भारतीय टीम के अगले माह बांग्लादेश दौरे पर जाने की संभावनाएं नहीं

**बीसीबी बोली, अभी संभव नहीं तो भविष्य में करेंगे इंतजार**

**मुम्बई।** भारतीय क्रिकेट टीम को अगले माह तीन एकदिवसीय और इतने ही टी20 मैचों के लिए बांग्लादेश दौरे पर जाना है पर मौजूदा राजनीतिक हालातों को देखते हुए ये दौरा शायद ही हो पाये। बांग्लादेश में जिस प्रकार के खराब हालात हैं उसको देखते हुए केन्द्र सरकार भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) को इस दौरे के लिए शायद ही अनुमति दे। इसका अंदेशा बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) को भी है। इसी को देखते हुए बीसीबी अध्यक्ष अमीनुल इस्लाम ने कहा है कि आगामी सीमित ओवरों की सीरीज को लेकर बीसीसीआई अपनी सरकार के फैसले का इंतजार कर रहा है। अमीनुल के अनुसार अगर भारतीय टीम अगस्त में नहीं आती तो वे भविष्य में भारतीय टीम के आने का इंतजार करेंगे। बीसीबी प्रमुख ने कहा कि हमारी बीसीसीआई के साथ बातचीत चल रही है। यह जरूरी नहीं कि हम अगस्त या सितंबर में ही सीरीज कराएं, हम बातचीत कर रहे हैं कि सीरीज अगर अभी संभव नहीं है तो इसे आने वाले समय में किस प्रकार आयोजित किया जा सकता है। इससे पहले दोनो देशों के बीच टी20ढ़ सीरीज पिछले साल 2024 में हुई थी, जब बांग्लादेश की टीम भारती दौरे पर आई थी।

**बुमराह को मिलेगा आराम, कुलदीप पर संशय, सुंदर को मिल सकती है जगह**

# दूसरे टेस्ट में नई रणनीति और बदलावों के साथ उतरेगी भारतीय टीमः डोशेट

**बर्मिंघम, एजेंसी**

भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ यहां बुधवार से शुरु हो रहे दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच के लिए अभी तक अपनी टीम घोषित नहीं की है। यहां के एजबेस्टन मैदान पर होने वाले इस मैच को लेकर अनुमान है कि तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को आराम दिया जाएगा और स्पिनर कुलदीप यादव या वाशिंगटन सुंदर में से किसी एक अंतिम ग्यारह में शामिल किया जाएगा। वहीं भारतीय




टीम के सहायक कोच रयान टेन डोशेट ने भी मीडिया से बात करते हुए कहा कि कहा कि भारतीय टीम नई रणनीति से उतरेगी। डोशेट ने कहा है कि दूसरे टेस्ट में कम से कम दो बदलाव किये जाएंगे। ऐसे में टीम बर्मिंघम टेस्ट में नए संयोजन के साथ उतर सकती है। डोशेट ने बताया कि तेज़ गेंदबाज़ जसप्रीत बुमराह को बर्मिंघम टेस्ट में आराम दिया जाएगा। कार्यभार प्रबंधन के तहत ही उन्हें यह ब्रेक दिया जा रहा है हालांकि वह लॉड्र्स में होने वाले तीसरे टेस्ट में वापसी करेंगे। बुमराह ने पहले टेस्ट में अच्छा प्रदर्शन किया था पर फिटनेस बनाये रखने उन्हें आराम दिया जा रहा है।

# डीविलियर्स बोले इस प्रकार सभी मैच खेल सकते हैं बुमराह

**जोहांसबर्ग, एजेंसी**

भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को कार्यभार प्रबंधन के तहत ही इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों में ही उतारा जाना तय हुआ है। ऐसे में टीम इंडिया का गेंदबाजी आक्रमण प्रभावित होगा। इसी को देखते हुए दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान एबी डी विलियर्स ने सुझाव दिया है कि उन्हें बड़ी सीरीजों में खेलना चाहिये और कम महत्वपूर्व सीरीजों में आराम दिया जाना चाहिये ताकि उनकी फिटनेस भी



बनी रही। डिविलियर्स ने कहा कि हमारी टीम के तेज गेंदबाज डेल स्टेन यही तरीका अपनाते थे और हर बड़ी सीरीज खेलते थे। डिविलियर्स के अनुसार स्टेन का ये तरीका बुमराह को भी अपनाना चाहिये क्योंकि भी भारतीय टीम के लिए इंग्लैंड सीरीज से अधिक जरुरी अभी कुछ नहीं है। भारतीय टीम पहले ही सीरीज में 0-1 से पीछे हैं। ऐसे में अगर बूमराह सभी मैच नहीं खेलते हैं तो उसे नुकसान होगा। अब देखना है कि भारतीय टीम प्रबंधन डिविलियर्स के इस सुझाव को मानता है या नहीं। इंग्लैंड दौरा शुरू होने से पहले ही साफ हो गया था कि बुमराह इस सीरीज में तीन मैच ही खेलेंगे। वहीं अब भारत पहला मैच हारकर पिछड़ रहा है, ऐसे में टीम को बुमराह की काफी जरूरत है।

## बिजनेस

# रुपया बढ़त के साथ बंद

**मुंबई।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले मंगलवार को भारतीय रुपया 26 पैसे की बढ़त के साथ ही 85.50 पर बंद हुआ। वहीं शुरुआती कारोबार में 42 पैसे की बढ़त के साथ अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 85.34 पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि अमेरिकी डॉलर के कई महीने के निचले स्तर पर पहुंचने और घरेलू शेयर बाजारों में सकारात्मक रुख से रुपये को बल मिला। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया, डॉलर के मुकाबले 85.66 पर खुला। शुरुआती कारोबार में 85.34 प्रति डॉलर पर पहुंच गया, जो पिछले बंद भाव से 42 पैसे की बढ़त को बताता है। रुपया सोमवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 85.76 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दिखाने वाला डॉलर सूचकांक 0.17 फीसदी की गिरावट के साथ 96.71 पर आ गया।

# एनएमडीसी ने लगातार दूसरी बार किया कटौती का ऐलान


**नई दिल्ली।** सार्वजनिक खनन कंपनी एनएमडीसी लिमिटेड के शेयरों में मंगलवार, 1 जुलाई को 2.3 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई। गिरावट की वजह कंपनी द्वारा लगातार दूसरे महीने अपने प्रमुख उत्पादों की कीमतों में की गई कटौती है। एनएमडीसी ने लम्प ऑर की कीमत 600 रुपए से घटाकर 5,700 रुपए प्रति टन और फाइंस की कीमत 500 रुपए से घटाकर 4,850 रुपए प्रति टन कर दी है।

**शेयर बाजार हल्की बढ़त पर बंद**

# सेंसेक्स 91 अंक चढ़कर 83,697 पर बंद, निफ्टी 25,540 के पार

**मुम्बई, एजेंसी**

भारतीय शेयर बाजार मंगलवार को हल्की बढ़त पर बंद हुआ। सप्ताह के दूसरे ही कारोबारी दिन दुनिया भर से मिले अच्छे संकेतों के बाद भी बाजार ज्यादा ऊपर नहीं आ पाया। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 90.83 अंकों की बढ़त के साथ ही 83,697.29 अंकों पर बंद हुआ। वहीं इसी प्रकार 50 शेयरों वाला एनएसई का निफ्टी 24.75 अंकों की बढ़त के साथ ही 25,541.80 अंकों पर बंद हुआ। आज कारोबार के दौरान सेंसेक्स की 30 में से सिर्फ 13 कंपनियों के शेयर ही बढ़त के साथ ऊपर आकर बंद हुए, जबकि बाकी की सभी 17 कंपनियों के शेयर नुकसान के साथ ही नीचे बंद हुए। निफ्टी की 50 में से 24 कंपनियों के



शेयर बढ़त के साथ ही लाभ पर बंद हुए और बाकी की 26 कंपनियों के शेयर नुकसान के साथ ही नीचे आये। आज सेंसेक्स की कंपनियों में शामिल बीईएल के शेयर सबसे ज्यादा 2.51 फीसदी की बढ़त के साथ बंद हुए जबकि एक्सिस बैंक के शेयर आज सबसे ज्यादा 2.13 फीसदी की गिरावट के साथ बंद हुए। सेंसेक्स की अन्य कंपनियों में आज रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर 1.84 फीसदी, एशियन पेंट्स 1.18 फीसदी, अल्ट्राटेक सीमेंट 1.10 फीसदी, कोटक महिंद्रा बैंक 0.93 फीसदी, एचडीएफसी बैंक 0.60 फीसदी, टाइटन 0.30फीसदी, भारती एयरटेल 0.29 फीसदी, भारतीय स्टेट बैंक 0.04 फीसदी और इंफोसिस के शेयर 0.04 फीसदी की तेजी के साथ बंद हुए।वहीं दूसरी ओर आज , टेक महिंद्रा 1.05 फीसदी, आईसीआईसीआई बैंक 0.95 फीसदी, टीसीएस 0.89 फीसदी, एनटीपीसी 0.70 फीसदी, पावरग्रिड 0.67 फीसदी, एचसीएल टेक 0.60 फीसदी, टाटा मोटर्स 0.60 फीसदी, सनफार्मा 0.57 फीसदी, अडाणी पोट्र्स 0.37 फीसदी, आईटीसी 0.31 फीसदी, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.25 फीसदी, मारुति सुजुकी 0.23 फीसदी नुकसान के साथ बंद हुए। वहीं इससे पहले आज सुबह बाजार हरे निशान में खुले। शुरुआती कारोबार में ऑटो और आईटी सेक्टर में खरीदारी देखी गई। सेंसेक्स 188.66 अंक बढ़कर 83,795.12 पर कारोबार कर रहा था, जबकि निफ्टी 54.80 अंक बढ़कर 25,571.85 पर कारोबार कर रहा था। विश्लेषकों के अनुसार अमेरिकी बाजार के नए रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचने के साथ, ग्लोबल इक्विटी बाजार का मूड सकारात्मक है और पश्चिम एशियाई भू-राजनीति अब वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए खतरा नहीं है। शुरुआती कारोबार में निफ्टी बैंक 51.95 अंक बढ़कर 57,364.70 पर कारोबार कर रहा था।

# दिल्ली में 1 जुलाई से तय समय से अधिक पुराने वाहनों पर नया नियम हुआ लागू

- 10 साल पुराने डीजल और 15 साल से अधिक पुराने पेट्रोल वाहनों को पेट्रोल पंप से ईंधन नहीं मिलेगा



**नई दिल्ली, एजेंसी**

दिल्ली में मंगलवार 1 जुलाई से 10 साल से पुराने डीजल वाहनों और 15 साल से पुराने पेट्रोल वाहनों को अब शहर के किसी भी पेट्रोल पंप से ईंधन नहीं मिलेगा। यह फैसला राजधानी की बिगड़ती वायु गुणवत्ता को देखते हुए लागू किया गया है। इस नियम को लागू करने के लिए दिल्ली के लगभग 500 पेट्रोल पंपों पर एआई आधारित ऑटोमेटिक नंबर प्लेट रिकाग्निशन कैमरे लगाए गए हैं। ये कैमरे वाहन की नंबर प्लेट को स्कैन कर वह कितने साल पुराना है बता देते हैं। तय सीमा से अधिक पुराने वाहन की पहचान होने पर उन्हें ईंधन नहीं दिया जाएगा। प्रत्येक पेट्रोल पंप पर अधिकारी तैनात रहेंगे। सभी पंपों को निर्देश दिया गया है कि ऐसे वाहनों को ईंधन देने से इनकार करें और उनका रिकॉर्ड रखें। अगर कोई वाहन मालिक इस नियम का उल्लंघन करता है, तो 10,000 रुपए तक का जुर्माना लगाया जा सकता है, वाहन जब्त भी किया जा सकता है। दोपहिया वाहनों के लिए 5,000 रुपए जुर्माना तय किया गया है, सार्वजनिक

**होटल-रेस्टोरेंट वालों को मिलेगी राहत**

# 1 जुलाई से 58 रुपए सस्ता हुआ कमर्शियल गैस सिलेंडर

**नई दिल्ली, एजेंसी**

तेल कंपनियों ने 1 जुलाई से 19 किलो वाले कमर्शियल गैस सिलेंडर के भाव कम कर दिए हैं। हर महीने की पहली तारीख को कंपनियां सिलेंडर के दाम अपडेट करती हैं और इस बार दाम में 58.50 की कटौती की गई है। हालांकि, घरेलू सिलेंडर (14.2 किलो) की कीमत में कोई बदलाव नहीं किया गया है। इन शहरों में कमर्शियल सिलेंडर की कीमत इस प्रकार है- दिल्ली में अब 19 किलो का सिलेंडर 1723.50 की जगह 1665 में मिलेगा, नोएडा में 1747.50, कोलकाता में 1826



की जगह 1769, मुंबई में 1674.50 से घटकर 1616 और चेन्नई में यह सिलेंडर 1881 की जगह 1823.50 रुपए में मिलेगा। कमर्शियल सिलेंडर के सस्ते होने से होटल, रेस्टोरेंट और दूसरे व्यापारियों को राहत मिलेगी क्योंकि इन जगहों पर गैस की खपत ज्यादा होती है। आईओसीएल के आंकड़ों के अनुसार लगातार चौथे महीने में कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमतों में गिरावट देखने को मिली है। वहीं लगातार चार महीनों में कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर में करीब 140 रुपए की गिरावट देखने को मिल चुकी है। आईओसीएल के आंकड़ों के अनुसार दिल्ली में कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में 138 रुपए की गिरावट देखी गई है। जबकि कोलकाता में कमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम में 144 रुपए दाम कम हुए हैं। इसके अलावा मुंबई की बात करें तो यहां पर कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत में 139 रुपए की गिरावट देखी गई है।

# मारुति और टोयोटा करेगी कई एसयूवी लांच

**नई दिल्ली।** मारुति सुजुकी कंपनी और जापान की दिग्गज टोयोटा आने वाले महीनों में भारत में कई नई एसयूवी लॉन्च करने की तैयारी कर रही हैं। मारुति सुजुकी अपनी पहली इलेक्ट्रिक एसयूवी ई-विटारा को भारतीय बाजार में पेश करने जा रही है। इस एसयूवी को कंपनी ने 2025 भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो में भी शोकेस किया था। रिपोर्ट्स के मुताबिक ई-विटारा में दो बैटरी पैक के विकल्प मिलेंगे और यह एक बार चार्ज करने पर 500 किलोमीटर से ज्यादा की रेंज दे सकती है। यह एसयूवी भारतीय ग्राहकों के लिए किफायती इलेक्ट्रिक विकल्प बन सकती है। इसके अलावा मारुति अपनी नई मिड-साइज एसयूवी भी उतारने जा रही है, जिसका कोडनेम वाय17 है और नाम मारुति एस्कुडो रखा जा सकता है।

# वित्त वर्ष 26 में तेजी से बढ़ेगा भारत का हॉस्पिटैलिटी सेक्टरः रिपोर्ट




**नई दिल्ली, एजेंसी**

मोतीलाल ओसवाल की ताज़ा रिपोर्ट के अनुसार वित्त वर्ष 2025-26 में भारत हॉस्पिटैलिटी सेक्टर और मजबूती से आगे बढ़ेगा। अप्रैल-जून की पहली तिमाही में प्रति कमरे आय)में 11-12 फीसदी की सालाना ग्रोथ की उम्मीद जताई गई है। यह बढ़त औसत कमरे का किराया)और घरेलू यात्रा की मांग में उछाल की वजह से है। वित्त वर्ष 25 में होटल कंपनियों की आमदनी में 18 फीसदी और ऑपरेटिंग मुनाफे में 20 फीसदी की वृद्धि देखी गई। धार्मिक पर्यटन, शादियों, लाइव इवेंट्स और कॉर्पोरेट आयोजनों ने होटल बुकिंग को मजबूती दी है। सरकार की प्रसादऔर स्वदेश दर्शन योजनाओं से अयोध्या, तिरुपति और वाराणसी जैसे तीर्थ स्थलों में होटल चेन का तेज़ विस्तार हो रहा है।

# कोल इंडिया, हिंदुस्तान कॉपर के साथ खनिज क्षेत्र में करेंगे काम

- दोनों ने गैर-बाध्यकारी समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए



**नई दिल्ली, एजेंसी**

सार्वजनिक क्षेत्र की कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) ने मंगलवार को महत्वपूर्ण खनिज क्षेत्र में मिलकर काम करने के लिए हिंदुस्तान कॉपर के साथ एक समझौता किया है। सीआईएल ने बीएसई को दी सूचना में बताया कि दोनों कंपनियों ने तांबा और महत्वपूर्ण खनिज क्षेत्रों में विभिन्न पहलुओं पर सहयोग के लिए सोमवार को गैर-बाध्यकारी समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। इससे पहले सीआईएल और आईआरईएल (इंडिया) लिमिटेड ने महत्वपूर्ण खनिजों के विकास पर सहयोग एवं सहभागिता के लिए एक गैर-बाध्यकारी समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए थे। इस समझौता ज्ञापन का उद्देश्य खनिज रेत और दुर्लभ खनिजों सहित महत्वपूर्ण खनिजों की परस्पर सहमत परिसंपत्तियों का विकास करना है। सीआईएल की घरेलू कोयला उत्पादन में 80 प्रतिशत से अधिक हिस्सेदारी है। तांबा, लिथियम, निकल, कोबाल्ट और दुर्लभ पृथ्वी तत्व जैसे खनिज तेजी से बढ़ती स्वच्छ ऊर्जा प्रौद्योगिकियों के विकास को बढ़ावा देने के लिए कच्चे माल हैं। पवन टर्बाइन और बिजली तंत्र से लेकर इलेक्ट्रिक वाहनों और बैटरी निर्माण तक इनका उपयोग किया जाता है।

## न्यूज विंडो

### छग के अधिकारी-कर्मचारी नहीं कर पाएंगे शेयर मार्केट में ट्रेडिंग



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के अधिकारी और कर्मचारी अब शेयर मार्केट में ट्रेडिंग नहीं कर पाएंगे। Intraday, क्रिप्टोकरेंसी की खरीदी और Future and option (F&O) में ट्रेडिंग को सरकार ने अवचार के तौर पर माना है। इससे छत्तीसगढ़ के अधिकारियों-कर्मचारियों के लिए इनका लेन-देन प्रतिबंधित हो गया है। इसकी अधिसूचना राज्य सरकार ने जारी कर दी है। छत्तीसगढ़ राजपत्र में किए गए प्रकाशन में छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1965 नियम 19 में, उप-नियम (5) के खण्ड (1) के उप खण्ड जोड़ा गया है। इसके साथ शेयरों, प्रतिभूतियों या अन्य निवेशों की बार-बार खरीद एवं बिक्री (Intra day, BTST, Future and option (F&O) व cryptocurrency में ट्रेडिंग / निवेश) को अवचार (कदाचार) माना जाएगा। हालांकि इसके साथ ही सरकार ने राहत देते हुए इन्वेस्टमेंट के लिहाज से शेयर बाजार, म्यूचुअल फंड और डिबेंचर्स में निवेश करने की अनुमति दी है।

### जीएम ने किया रायपुर-अभनपुर-राजिम रेल खंड का निरीक्षण



**रायपुर।** महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने 30 जून को रायपुर-अभनपुर-राजिम रेल खंड का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने आरएसडी यार्ड, अभनपुर स्टेशन तथा निर्माणाधीन राजिम स्टेशन पर संरक्षा के मापदंडो, कार्य प्रगति एवं निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की गहन समीक्षा की । निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को संरक्षा मापदंडों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने एवं कार्यों को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश भी दिए ।

उल्लेखनीय है कि इस रेल खंड में कुछ माह पूर्व ही मंदिरहसौद से केन्द्री तक नई रेल लाइन का निर्माण तथा केन्द्री से अभनपुर तक गेज कनवर्ज़न का कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण कर मेमू सेवा प्रारंभ की गई है, जिससे यात्रियों को बेहतर कनेक्टिविटी एवं सुविधाएं मिल रही हैं। निरीक्षण के दौरान तरुण प्रकाश ने कार्यस्थलों पर संरक्षा मानकों की गहनता से समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कार्यों को निर्धारित समयसीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने पर ज़ोर दिया।

# हमारी सरकार का उद्देश्य गुणवत्तापूर्ण सेवाएं देना है: स्वास्थ्य मंत्री

## राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत 109 संविदा चिकित्सकों एवं 563 अनुबंधित चिकित्सकों को नियुक्ति व पदस्थापना आदेश जारी

**विजयमत, रायपुर**

चाहे कोरोना महामारी का संकट रहा हो या दूरस्थ ग्रामीण अंचलों में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने की चुनौती, हमारे डॉक्टरों ने हर परिस्थिति में अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन किया है। उन्होंने अपने जीवन की परवाह किए बिना, सेवा को धर्म मानकर कार्य किया है। हम उन महान लोगों को कभी नहीं भूल सकते जिन्होंने कोरोना जैसी बड़ी महामारी के दौरान अपना फर्ज निभाते हुए अपने प्राणों की आहुति दे दी।

हमारी सरकार का उद्देश्य केवल सेवाओं की पहुंच बढ़ाना नहीं, बल्कि गुणवत्तापूर्ण सेवाएं देना है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा राजधानी रायपुर स्थित स्व. अटल बिहारी वाजपेयी ऑडिटोरियम, मेडिकल कॉलेज में चिकित्सकों के सम्मान में आयोजित कार्यक्रम में यह बात कही।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने संबोधन में कहा कि यह आयोजन न केवल चिकित्सा समुदाय के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है, बल्कि यह भी सुनिश्चित करता है कि छत्तीसगढ़ राज्य निरंतर स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में नई ऊंचाइयां छूता रहेगा।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि हम सब जानते हैं कि डॉक्टरों का जीवन आसान नहीं होता। कठिन परिश्रम, लंबी



ड्यूटी और मानसिक तनाव उनके दैनिक जीवन का हिस्सा हैं। फिर भी वे अपनी जिम्मेदारी से कभी पीछे नहीं हटते। उनके साहस और समर्पण के कारण हमारा समाज सुरक्षित और स्वस्थ रहता है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि आपके परिश्रम से ही हम एक स्वस्थ, सक्षम और सशक्त छत्तीसगढ़ का निर्माण कर सकते हैं। आज मैं केवल आप सभी को धन्यवाद देने नहीं आया हूं, बल्कि यह आश्वस्त करने भी आया हूं कि हमारी सरकार हर कदम पर आपके साथ खड़ी है। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल ने डॉक्टर्स डे के विशेष अवसर पर सभी चिकित्सकों को बधाई देते हुए कहा कि स्वास्थ्य विभाग केवल एक सेवा प्रदाता नहीं, बल्कि जीवन रक्षक प्रणाली है।

उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि संकट के समय जब सभी लोग घरों में सुरक्षित रहने का प्रयास कर रहे थे, तब हमारे डॉक्टर अपनी जान की परवाह किए बिना मरीजों की सेवा में जुटे रहे। यह अदम्य साहस और समर्पण ही उनकी असली पहचान है। मंत्री श्री जायसवाल ने कहा कि हमारी सरकार की यह स्पष्ट नीति है कि हर नागरिक तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचें और हर डॉक्टर को पूरा सम्मान और सहयोग मिले। उन्होंने भरोसा दिलाया कि प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ और संवेदनशील बनाने के लिए हर संभव कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने उपस्थित चिकित्सकों से आग्रह किया कि वे इसी जज्बे और मानवीय संवेदना के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते रहें। उन्होंने कहा कि आज इस अवसर पर हमने 109 संविदा चिकित्सकों एवं 563 ब्रांडेड डॉक्टरों के पदस्थापना आदेश जारी किए हैं।

# प्रदेश में किसानों को सतत रूप से हो खाद की आपूर्ति : मुख्यमंत्री विष्णुदेव

- साय ने खाद की उपलब्धता को लेकर उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

**विजयमत, रायपुर**

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज मंत्रालय महानदी भवन में आगामी खरीफ सीजन को देखते हुए खाद और बीज की उपलब्धता को लेकर उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की। मुख्यमंत्री साय ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रदेश में किसानों को सतत रूप से खाद की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए।

मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से डीएपी के स्थान पर एनपीके खाद के उपयोग को प्रोत्साहित करने की बात कही और किसानों को इसके लाभ से अवगत कराने को कहा। श्री साय ने कलेक्टरों के माध्यम से जिलेवार सहकारी समितियों में खाद की उपलब्धता और



वितरण की निगरानी और सतत समीक्षा करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि खेती-किसानी का यह समय किसानों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। यदि इस समय खाद-बीज की आपूर्ति में किसी भी प्रकार की बाधा आती है, तो इसका सीधा असर फसलों की बुआई और उत्पादन पर पड़ेगा।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसानों को समय पर और उचित दर पर पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध हो। उन्होंने कहा कि समितियों में एनपीके खाद की व्यवस्था भी की जा रही है, किसानों को इसे उपलब्ध कराने की दिशा में तत्काल कदम उठाएं।


उन्होंने अमानक और नकली खाद की बिक्री पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए निर्देश दिए कि ऐसे मामलों पर तत्काल सख्त कार्रवाई की जाए। बैठक में मुख्य सचिव अमिताभ जैन, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव राहुल भगत, कृषि उत्पादन आयुक्त शहला निगार, संचालक कृषि राहुल देव सहित मार्कफेड के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

### कला को सम्मान और कारीगरों की समृद्धि हमारी प्राथमिकता-साय

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा है कि पारंपरिक रूप से बुनाई, कढ़ाई, हस्तशिल्प और माटी कला से जुड़े कारीगरों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए विशेष रणनीति तैयार की जाए। उन्होंने कहा कि पीढ़ी दर पीढ़ी इस कार्य में लगे लोगों की आजीविका को पुनर्जीवित करना और उनकी आय बढ़ाना राज्य सरकार की प्राथमिकता है।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मंत्रालय महानदी भवन में ग्रामोद्योग विभाग के कार्यों और गतिविधियों की समीक्षा बैठक ली। इस दौरान राज्य में रेशम, हस्तशिल्प, खादी, हथकरघा और माटीकला से जुड़े पारंपरिक कारीगरों, बुनकरों और उत्पादों को प्रोत्साहन देने तथा उनके जीवन स्तर में सुधार के लिए योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। मुख्यमंत्री ने बैठक में ग्रामोद्योग विभाग के अंतर्गत शामिल सभी घटकों से जुड़ी आधारभूत जानकारी ली और कहा कि इन क्षेत्रों में रोजगार की असीम संभावनाएं मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण, वित्तीय सहायता, आधुनिक तकनीक और विपणन के लिए ठोस एवं समन्वित कार्ययोजना तैयार की जाए, ताकि स्थायी रूप से रोजगार के अवसरों का सृजन हो सके। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि रेशम उत्पादन, कोसा वस्त्र निर्माण और हथकरघा के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ की परंपरा और दक्षता को नई ऊंचाई देने की आवश्यकता है।

# सरकार निजी अस्पतालों का भुगतान नहीं कर रही आयुष्मान कार्डधारी मरीज भटक रहे






**विजयमत, रायपुर**

भाजपा सरकार निजी अस्पतालों का भुगतान नहीं कर रही है जिसके कारण निजी अस्पताल आयुष्मान कार्ड पर मरीजों के ईलाज में आनाकानी कर रहे है, प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि सरकार की स्टेट नोडल एजेंसी द्वारा फरवरी 2025 से क्लेम प्रोसेसिंग बंद करा दिया है, जिसके चलते निजी अस्पतालों के भुगतान अटक गए हैं। 30 मार्च 2025 को टीपीए का अनुबंध भी खत्म हो चुका है, इस सरकार की अकर्मण्यता के चलते नई टीपीए कंपनी के अनुबंध की प्रक्रिया अब तक शुरू नहीं हो पाई है। बकाया भुगतान नहीं मिलने से अनेकों निजी अस्पतालों में तालाबंदी की नौबत आ गई है। कई बड़े अस्पताल आयुष्मान कार्ड से मरीजों को बिना इलाज के लिए लौटाने लगे हैं।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि मोटे कमीशन के लालच में सरकार जिद पर अड़ी है, इसलिए सहमति नहीं बन पा रही है।

छत्तीसगढ़ राज्य स्टेट नोडल एजेंसी द्वारा क्लेम और पेमेंट प्रोसेसिंग कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की गई थी, लेकिन स्टेट नोडल एजेंसी द्वारा लगाई जा रही टेंडर शर्तों से कोई भी कंपनी सहमत नहीं होने से कोई भी कंपनी ने इस टेंडर प्रक्रिया में निर्धारित तिथि में भाग नहीं लिया था फिर भी टेंडर प्रक्रिया को ना ही निरस्त किया गया और ना ही शर्तों में सुधार किया गया है। उन्ही शर्तों पर फिर से टेंडर प्रक्रिया किए जाने को दबावपूर्ण तरीके से सफल बनाने में प्रयास किए जा रहे हैं।

ज्ञात हो कंपनी को स्टेट नोडल एजेंसी के स्वास्थ्य संचालनालय में ऑफिस बनाकर क्लेम प्रोसेस करने की शर्त रखी गई है। इच्छुक कंपनी के अधिकारी तर्क दे रहे हैं कि स्टेट नोडल एजेंसी के कार्यालय में क्लेम प्रोसेसिंग का कार्य करने से स्टेट नोडल एजेंसी अधिकारियों का दखल बढ़ जाएगा और इसकी निष्पक्षता पर प्रश्न चिन्ह लग जाएगा।

## मंत्री, सांसद, एवं विधायकों का प्रशिक्षण शिविर 7 से 9 जुलाई तक

**विजयमत, रायपुर**

सरगुजा जिले में आयोजित होने वाले तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर कार्यक्रम को लेकर आज वित्त एवं जिला प्रभारी मंत्री श्री ओपी चौधरी ने मैनपाट के कर्मा रिसोर्ट में प्रशानिक अधिकारियों की बैठकर कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। वित्त मंत्री श्री चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि 7, 8 और 9 जुलाई को तीन दिवसीय प्रशिक्षण सत्र आयोजित होने जा रहा है जिसमें मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय, कैबिनेट मंत्री, सांसद, विधायक गण प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण स्थल कार्यक्रम की तैयारी, सड़कों की मरम्मत, चिकित्सा व्यवस्था,सुरक्षा व्यवस्था, ठहरने की व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था, हैलिपैड व्यवस्था, बिजली व्यवस्था, मजिस्ट्रेट ड्यूटी, पार्किंग व्यवस्था, पानी व्यवस्था, पास व्यवस्था, ट्रांसपोर्टिंग, डोम पंडाल, साफ-सफाई सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही प्रभारी मंत्री श्री चौधरी ने कार्यक्रम स्थल का जायजा लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## नगर निगम दफ्तर बना 'बदबू घर'

## महापौर कक्ष के बाहर वॉशरूम के दुर्गंध से लोग परेशान शिकायत लेकर आने वाले उल्टे पांव लौट रहे

**विजयमत, रायपुर**

नगर निगम रायपुर मुख्यालय का हाल बेहाल है. जिस जगह पर लोग अपनी समस्याएं लेकर न्याय और समाधान की उम्मीद में पहुंच रहे वहीं से अब लोग नाक-मुंह ढक कर उल्टे पांव लौट रहे हैं. बात महापौर के चैंबर के बाहर की हो रही है, जहां हालात इतने खराब हैं कि वहां खड़ा रहना मुश्किल हो गया है. महापौर चैंबर के सामने के वाशरूम के दुर्गंध से लोग परेशान हैं और सवाल उठा रहे



कि महापौर के चैंबर के सामने इस तरह का हाल है तो शहर का क्या हाल होगा.

बता दें कि हाल ही में महापौर मीनल चौबे अपनी टीम के साथ इंदौर के सफाई मॉडल को देखने गए थे, ताकि रायपुर को भी स्वच्छता में नंबर वन बनाया जा सके, लेकिन निगम मुख्यालय में ही साफ-सफाई ठीक से नहीं हो पा रही है. वाशरूम में पानी न पहुंचने की वजह से गंदगी जमा हो गई है और उससे पूरी बिल्डिंग में बदबू फैल गई है. नगर निगम की तरफ से सफाई और पानी सप्लाई के लिए लाखों रुपए के टेंडर होते हैं, फिर भी ये हालात निगम की लापरवाही और जिम्मेदारों की अनदेखी को उजागर कर रहे हैं. लोग सवाल उठा रहे हैं कि जब महापौर के दफ्तर के बाहर यह स्थिति है तो शहर के अन्य सार्वजनिक शौचालयों की हालत क्या होगी।

### न्यायाधीश के रूप में नियुक्ति केवल एक नौकरी नहीं है, बल्कि यह एक पवित्र उत्तरदायित्व है

**रायपुर।** माननीय उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़ के मुख्य न्यायाधीश एवं न्यायिक अकादमी के मुख्य संरक्षक माननीय न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा के नेतृत्व में, छत्तीसगढ़ राज्य न्यायिक अकादमी, बिलासपुर द्वारा आज नव नियुक्त सिविल न्यायाधीश (कनिष्ठ श्रेणी) के लिए प्रथम चरण के इंडक्शन ट्रेनिंग कार्यक्रम (3 माह) का शुभारंभ किया गया। उक्त कार्यक्रम में माननीय न्यायमूर्ति रजनी दुबे, न्यायाधीश, छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय एवं अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ राज्य न्यायिक अकादमी की गरिमामयी उपस्थिति रही।

## रायपुर में टीबी के खिलाफ नई पहल

**विजयमत, रायपुर**

राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत जिला कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह की अध्यक्षता में, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथलेश चौधरी के मार्गदर्शन एवं जिला क्षय उन्मूलन अधिकारी डॉ. अविनाश चतुर्वेदी की उपस्थिति में नोडल डीआरटीबी सेंटर, मेकाहारा, रायपुर में दवा प्रतिरोधक टीबी के मरीजों के लिए नवीन बीपालएम रेजिम का शुरुआत शुरुआत किया गया।

अब तक टीबी के दवा प्रतिरोधी मरीजों को 9 से 18 माह तक पांच से सात दवाएं प्रतिदिन लेनी पड़ती थीं।



लेकिन बीपालएम रेजिम के तहत इलाज की अवधि केवल 6 माह रह गई है, और अब केवल 4 आधुनिक दवाओं से इलाज संभव होगा।

इन दवाओं की अनुमानित लागत 1 लाख रुपये से अधिक है, जिसे सरकार की ओर से पूरी तरह निःशुल्क उपलब्ध कराया जा रहा है। यह पहल राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत टीबी को जड़ से मिटाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## भारत माला परियोजना जमीन घोटाला

## उमा तिवारी की अंतरिम ज़मानत का आवेदन खारिज

- मुख्य न्यायाधीश जस्टिस रमेश सिन्हा व जस्टिस विभुदत्ता गुरु की डबल बैंच में हुई सुनवाई

**विजयमत, रायपुर**

भारत माला सड़क परियोजना के लिए भू अर्जन हेतु राजपत्र में सूचना प्रकाशन के पश्चात जमीन दलाल हरमीत सिंह खनुजा ने जमीन दलालों व राजस्व अधिकारियों का सिंडिकेट बनाकर बड़ी- बड़ी जमीनों को छोटे- छोटे टुकड़ों मे बदलकर तत्कालीन भू अर्जन



अधिकारी निर्भय साहू तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक व पटवारियों से मिलकर मुआवजा घोटाला कर सैकड़ों करोड़ रुपये का नुकसान शासन को पहुंचाया है.मामले में एसीबी ईओडब्ल्यू ने शासकीय अधिकारियों व घोटाले में शामिल जमीन दलालो पर अपराध दर्ज कर जमीन दलाल हरमीत सिंह खनुजा, विजय जैन, उमा तिवारी व उसके पति कैदार तिवारी को ढाई माह पूर्व गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा है। आरोपी उमा तिवारी ने अंतरिम जमानत के लिए आवेदन लगाया था,लेकिन मामले की गंभीरता को देखते हुए माननीय न्यायालय ने आरोपित की याचिका को खारिज कर दिया है। बता दें ठाकुर रामचंद्र स्वामी, जैतु साव मठ का मुआवजा दो करोड़ तेरह लाख अठाईस हजार पांच सौ पैंसठ रुपए बना था जिसे उर्वशी तिवारी ने उमा तिवारी पिता स्व. विश्व नाथ पांडेय बनकर झूठा आवेदन व शपथ पत्र देकर तत्कालीन भू अर्जन अधिकारी निर्भय साहू से मिली भगत कर शासन से ले लिया था।

# करबला तालाब सौंदर्यीकरण कार्य का विधायक मूणत ने किया निरीक्षण, दिए व्यापक दिशा-निर्देश

**विजयमत, रायपुर**

विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेश मूणत ने आज करबला तालाब सौंदर्यीकरण कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया। यह कार्य लगभग 2.44 करोड़ रुपये की लागत से किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान विधायक मूणत ने ज़ोन क्रमांक 7 के आयुक्त सहित संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि तालाब के चारों ओर परिक्रमा पथ की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सबसे पहले बाहरी सीमा पर सरहदी दीवार (बाउंड्री वॉल) का निर्माण किया जाए। उन्होंने



निर्देश दिया कि कार्य प्रारंभ करने से पहले पूरे परिसर की व्यापक सफाई अभियान चलाकर गंदगी हटाई जाए।

मूणत ने विशेष रूप से कहा कि मंदिर साइड से पाथवे निर्माण की शुरुआत की जाए, लेकिन इससे पहले उसका मजबूत बेस तैयार किया जाए ताकि भविष्य में वह धंसे नहीं। निरीक्षण के दौरान मंदिर के पीछे एक निजी ट्रांसफॉर्मर की स्थिति पर संदेह व्यक्त करते हुए उन्होंने निर्देश दिया कि इसकी जांच की जाए कि वह निजी या शासकीय भूमि पर स्थापित है। यदि वह शासकीय भूमि पर पाया जाता है तो संबंधित व्यक्ति को उसे अपनी निजी भूमि पर स्थानांतरित करने के लिए कहा जाए। मूणत ने कहा कि करबला तालाब का सौंदर्यीकरण इस तरह किया जाए कि यह क्षेत्र एक सुंदर, सुरक्षित और सुविधाजनक *वॉकिंग जोन* के साथ-साथ लोगों के लिए ओपन जिम, योग, ध्यान और पारिवारिक सैर हेतु एक आदर्श स्थल बन सके।

### विधायक ने करबला तालाब क्षेत्र में विभिन्न कार्यों के लिए जारी किए निर्देश

- आसपास की सीमाओं पर गेट निर्माण
- तालाब के चारों कोनों में चेन माउंटेड मशीन द्वारा मिट्टी सफाई
- मंदिर के पीछे बने कॉम्प्लेक्स में ग्राउंड पार्किंग और सेटबैक की जांच
- पेरीफेरी बाउंड्री का शीघ्र निर्माण, बरगद के पुराने पेड़ के चारों ओर सजावटी प्लेटफार्म
- हमर क्लिनिक के पास पेवर का मजबूत बेस
- डॉक्टर जाउलकर नर्सिंग होम के पास की हरियाली युक्त भूमि की सफाई और वहाँ ओपन जिम एवं योग केंद्र की स्थापना।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक सीता शुक्ला द्वारा आशमा पब्लिशर्स प्राईवेट लिमिटेड , जयस्तभ चौक रायपुर से मुद्रित एवं डी -17, सेक्टर-1 गोंदवारा रोड, एकता नगर गुढ़ियारी रायपुर (छग) से प्रकाशित। संपादक सीता शुक्ला। प्रधान संपादक विजय शुक्ला*।
आर.एन.आई. पंजीयन नं.CHHHIN/2017/75508 (* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार)। सभी विवादों का न्यायीक क्षेत्र रायपुर (छग) होगा। मो. 8889977997